Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 79 | मंगलवार, 24 मार्च-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# लोकसभा में पीएम मोदी का बड़ा बयान, पश्चिम एशिया संकट पर बोले- पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं होगी

वेलकम इंडिया नेटवर्क



**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण तर रहा है। आज लोकसभा में नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया की स्थिति को लेकर अपनी बात रखी। वहीं, दोनों सदनों में सोमवार को स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहीद दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। लोकसभा की बैठक शुरू होने पर अध्यक्ष ओम बिरला ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की शहादत का उल्लेख करते हुए कहा कि इन शहीदों की वीरता, शौर्य और देशभक्ति ने स्वाधीन और सशक्त राष्ट्र की नींव रखी। राज्यसभा में सभापति सी पी राधाकृष्णन ने स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का जिक्र करते हुए कहा कि अगर आज देशवासी खुली हवा में सांस ले रहे हैं तो उसका एक बड़ा कारण स्वतंत्रता सेनानियों का बलिदान है। निजी स्कूलों में हर साल शुल्क वृद्धि पर रोक के लिए पारदर्शी नियामक बनाने की मांग राज्यसभा में उठी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध ने भारत के समक्ष कई अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कर दी हैं, लेकिन सरकार स्थिति से निपटने के लिए सजग और तत्पर है। उन्होंने सदन में दिए एक वक्तव्य में यह भी कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कमी नहीं हो तथा देश के नागरिकों को परेशानी नहीं हो। प्रधानमंत्री मोदी ने सदन को बताया कि देश के पास 53 लाख मीट्रिक टन का रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे संकटों से देश के किसानों को बचाने के लिए सरकार ने पिछले एक दशक में कई कदम उठाए हैं जिनमें खाद की पर्याप्त उपलब्धता, यूरिया संयंत्र स्थापित किया जाना, डीएपी तथा एनपीके जैसी खादों का घरेलू उत्पादन बढ़ाना आदि शामिल हैं।

कांग्रेस के अमर सिंह ने केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर कॉरपोरेट कर में छूट देने का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान में निजी कंपनियां आम लोगों से कम कर दे रही हैं। कांग्रेस सांसद ने लोकसभा में वित्त विधेयक, 2026 पर चर्चा की शुरूआत करते हुए दावा किया कि इसमें कई सारी रियायतें दी गई हैं, लेकिन वे केवल बड़े लोगों को दी गई हैं। उन्होंने कहा कि गिफ्ट सिटी को रियायत दी गई है। इसके दायरे में बड़ी वित्तीय कंपनियां और बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां आती हैं लेकिन उन पर कोई शर्त नहीं लगाई गई है।

गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि यदि पंजाब स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के एक अधिकारी की आत्महत्या के मामले में प्रदेश के सांसद पत्र लिखकर दें तो वह इस मामले की सीबीआई जांच कराने का आदेश दे देंगे। सदन में शून्यकाल के दौरान कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने यह विषय उठाया।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में कॉर्पोरेट विधियां (संशोधन) विधेयक, 2026 पेश किया, जिसका मकसद सीमित देयता भागीदारी अधिनियम, 2008 और कंपनी अधिनियम, 2013 में संशोधन करना है। यह विधेयक पेश किए जाने के बाद सदन ने वित्त मंत्री की अनुशंसा पर इसे संसद की संयुक्त समिति के पास भेजने का फैसला किया। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने सोमवार को स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत किसी राज्य पर हिंदी समेत कोई भी नहीं थोप रही। चौधरी ने लोकसभा में प्रश्नकाल में द्रमुक सांसद कलानिधि वीरास्वामी के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह बात कही। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने भारत की, अमेरिका की अगुवाई वाले रणनीतिक गठबंधन 'पैक्स सिलिका' की सदस्यता का जिक्र करते हुए राज्यसभा में सोमवार को देश की डेटा सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और सरकार से स्पष्टीकरण की मांग की। शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए सिंह ने कहा कि भारत अमेरिका नीत रणनीतिक गठबंधन 'पैक्स सिलिका' का सदस्य है, वह इस समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है लेकिन चिंता की बात यह है कि इस समझौते से न केवल भारतीय नागरिकों की डेटा निजता पर असर पड़ सकता है बल्कि इससे देश की स्वतंत्र नीति निर्धारण क्षमता को भी नुकसान हो सकता है।

मोबाइल फोन के प्लान के अनुसार रोजाना मिलने वाले डेटा का पूरा इस्तेमाल नहीं हो पाने की स्थिति में उसका बाद में उपयोग करने की व्यवस्था होने की मांग करते हुए सोमवार को राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा ने कहा कि यह केवल डेटा की ही नहीं बल्कि उपभोक्ता के अधिकार की भी बात है। शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए चड्ढा ने कहा कि जब भी कोई व्यक्ति मोबाइल फोन रीचार्ज कराता है तो उसे उसके प्लान के अनुसार डेटा मिलता है। राज्यसभा में सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक 'परिपक्व राजनीतिक नेता' करार देते हुए कहा कि 2014 में उन्होंने मोदी के कहने पर ही लोकसभा चुनाव जीतने के बाद इस्तीफा देने का अपना निर्णय वापस लिया था। उच्च सदन में अनुदान की अनुपूरक मांगों पर चर्चा में भाग लेते हुए जनता दल (एस) प्रमुख देवेगौड़ा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि विकास से ही खपत बढ़ेगी।

## भारत की नई ऊर्जा नीतिः पीएम मोदी बोले- अब 27 नहीं, 41 देशों से करते हैं तेल का आयात


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संसद को बताया कि भारत ने हाल के वर्षों में अपने ऊर्जा आयात स्रोतों में काफी विविधता लाई है, और यह भी बताया कि देश अब 41 देशों से कच्चा तेल, एलपीजी और पीएनजी खरीदता है। ये टिप्पणियां उन्होंने लोकसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान अपने संबोधन में कीं, जहां उन्होंने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष पर भारत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि पहले भारत 27 देशों से ऊर्जा आयात करता था, अब यह संख्या बढ़कर 41 हो गई है। पूरे भारत में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं।

मोदी का यह बयान सरकार द्वारा अर्थव्यवस्था, आपूर्ति श्रृंखलाओं और आवश्यक वस्तुओं पर संकट के प्रभाव की समीक्षा करने और नागरिकों और व्यवसायों के लिए व्यवधानों को कम करने के उपायों पर चर्चा करने के बाद आया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि संघर्ष के समय में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है और प्रभावित क्षेत्र में भारतीय दूतावास नागरिकों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि बीते दिनों हॉर्मुज स्ट्रेट में फंसे हमारे कई जहाज भारत आए भी हैं। संकट के इस समय में देश की एक और तैयारी भी है, जो बहुत काम आ रही है। पिछले 11 साल में इथेनॉल के उत्पादन और उसकी ब्रॉन्डिग पर अभूतपूर्व काम हुआ है। एक दशक पहले तक देश में सिर्फ एक से डेढ़ प्रतिशत इथेनॉल बैंडिंग कैपसिटी थी। आज हम पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल बैंडिंग के करीब पहुंच रहे हैं। इसके कारण प्रति वर्ष करीब साढ़े 4 करोड़ बैरल कम ऑयल इम्पोर्ट करना पड़ रहा है। एक बड़ा सवाल ये है कि युद्ध का खेती पर क्या प्रभाव होगा। देश के किसानों ने हमारे अन्न के भंडार भर रखे हैं, इसलिए भारत के पास पर्याप्त खाद्यान्न है। हमारा ये भी प्रयास है कि खरीफ सीजन की ठीक से बुआई हो सके। सरकार ने बीते सालों में आपात स्थिति से निपटने के लिए खाद की पर्याप्त व्यवस्था भी की है। उन्होंने कहा कि युद्ध का एक बहुत बड़ा चैलेंज ये भी है कि भारत में गर्मी का मौसम शुरू हो रहा है। आने वाले समय में बढ़ती गर्मी के साथ बिजली की डिमांड बढ़ती जाएगी। फिलहाल देश के सभी पावर प्लांट्स में कोल स्टॉक उपलब्ध है। भारत ने लगातार दूसरे साल 100 करोड़ टन कोयला उत्पादन करने का रिकॉर्ड बनाया है। पावर जेनेरेशन से लेकर पावर सप्लाई तक की हमारे सभी सिस्टम की निरंतर मॉनिटरिंग भी की जा रही है। मोदी ने कहा कि भारत की भूमिका स्पष्ट है। शुरूआत से ही हमने इस संघर्ष को लेकर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है। मैंने स्वयं भी पश्चिम एशिया के सभी संबंधित नेताओं से बात की है। मैंने सभी से इस तनाव को कम करने और इस संघर्ष को खत्म करने का आग्रह किया है। भारत ने नागरिकों, एनर्जी और ट्रांसपोर्ट से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमलों का विरोध किया है। भारत हमेशा से मानवता के हित में और शांति के पक्ष में अपनी आवाज उठाता रहा है। बातचीत और कूटनीति ही इस समस्या का समाधान है।

# मौत का सौदागरः गाजियाबाद के गोविंदपुरम में 'गैस माफिया' का नंगा नाच, सरकारी नियमों की उड़ रही धज्जियां


## अंधेरे का खेलः सुनसान प्लॉट में बीएस गैस एजेंसी की गाड़ियों से LPG की रिफिलिंग, एजेंसी कर्मचारियों की मिलीभगत से चल रहा है काला कारोबार









परेशान उपभोक्ता




ललित कुमार शर्मा

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** एक तरफ केंद्र और प्रदेश सरकार उज्ज्वला योजना से लेकर डिजिटल बुकिंग तक के जरिए एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के दावे कर रही है, तो दूसरी तरफ गाजियाबाद के गोविंदपुरम इलाके में 'गैस माफिया' प्रशासन की नाक के नीचे मौत का खेल खेल रहे हैं। यहां नियम-कायदे कागजों पर दम तोड़ रहे हैं और खुले आसमान के नीचे सिलेंडरों से गैस चोरी का खौफनाक कारोबार फल-फूल रहा है।

जब हमारी टीम ने गोविंदपुरम के उन इलाकों का दौरा किया, जहां ये गाड़ियां खड़ी होती हैं, तो नजारा भयावह था। नोजल और पाइप के जरिए गैस ट्रांसफर का काम बेहद असुरक्षित तरीके से किया जा रहा था। कैमरे को देखते ही वहां मौजूद लोग भाग खड़े हुए, जो इस बात की पुष्टि करता है कि दाल में कुछ काला नहीं, बल्कि पूरी दाल ही काली है।

### सुनसान प्लॉट बना 'गैस रिफिलिंग' का अड्डा

गोविंदपुरम के बाहरी इलाकों और सुनसान पड़े प्लॉटों में दोपहर के सन्नाटे का फायदा उठाकर बी.एस. गैस एजेंसी की गाड़ियां खड़ी की जाती हैं।

स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो इन सुनसान जगहों पर सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर में गैस पलटने (रिफिलिंग) का काम किया जा रहा है।

***खतरे की घंटी:*** जिस जगह यह खेल चल रहा है, वहां जरा सी लापरवाही या एक चिंगारी पूरे इलाके को श्मशान बना सकती है। घरेलू उपभोक्ताओं के हक पर डाका डालकर यह गैस माफिया अपनी तिजोरियां भर रहे हैं।

### एजेंसी के 'भेदियों' की मिलीभगत से लूट

इस पूरे काले धंधे में सबसे चौंकाने वाला पहलू एजेंसी से जुड़े कर्मचारियों की भूमिका है। बताया जा रहा है कि बिना डिलीवरी बॉयज और डिपो के अंदरूनी लोगों की सेटिंग के इतना बड़ा खेल मुमकिन नहीं है। सिलेंडर घर पहुंचने से पहले ही उनमें से 2 से 3 किलो गैस निकाल ली जाती है और फिर उसे छोटे कमर्शियल सिलेंडरों में भरकर ऊंचे दामों पर बेचा जाता है। यह सीधा-सीधा गरीब और मध्यम वर्ग की जेब पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' है।

### प्रशासन मौन, जनता त्रस्त

हैरानी की बात यह है कि पुलिस और रसद विभाग के पास इसकी भनक तक नहीं है, या शायद वे अनजान बने रहने का नाटक कर रहे हैं। आखिर किसकी शह पर बीच आबादी के करीब यह अवैध कारोबार चल रहा है? क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है?

| कालाबाजारी का गणित | असर |
|---|---|
| वजन में हेराफेरी | हर सिलेंडर से 2-3 किलो गैस की चोरी |
| अवैध रिफिलिंग | रिहायशी इलाकों में ब्लास्ट का खतरा |
| काला मुनाफा | 900 रुपये का सिलेंडर ब्लैक में 1300 रुपये तक |

### गैस की कालाबाजारी पर जनता के सवाल

- एलपीजी की हर बूंद का हिसाब रखने वाला रसद विभाग आखिर सो क्यों रहा है?
- बी.एस. गैस एजेंसी के मालिक पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई?
- सुनसान प्लॉटों में खड़ी होने वाली एजेंसी की गाड़ियों की जीपीएस ट्रैकिंग क्यों नहीं की जा रही?
- क्या प्रशासन किसी बड़े अग्निकांड के बाद ही जागेगा?

## संपादक की कलम से

# तेज होती हथियारों की होड़ और अस्थिर होती विश्व व्यवस्था


ललित शर्मा
संपादक

तेज होती हथियारों की होड़ और अस्थिर होती विश्व व्यवस्था आज मानव सभ्यता के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बनकर खड़ी है। दुनिया एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है जहां युद्ध केवल सीमाओं पर लड़े जाने वाले संघर्ष नहीं रह गए हैं, बल्कि उनका प्रभाव पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा व्यवस्था, पर्यावरण, सृष्टि-संतुलन, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता तक पहुंच रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव, ईरान और इजरायल के बीच हमलों का नया दौर, अमेरिका की रणनीतिक भूमिका, रूस-यूक्रेन युद्ध और चीन-ताइवान तनाव जैसे अनेक घटनाक्रम मिलकर यह संकेत दे रहे हैं कि दुनिया एक बार फिर हथियारों की दौड़ और शक्ति संतुलन की राजनीति की ओर लौट रही है। यह स्थिति केवल राजनीतिक या सामरिक नहीं, बल्कि मानवीय संकट का संकेत भी है, क्योंकि जब दुनिया हथियारों पर ज्यादा खर्च करती है तो विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे क्षेत्र पीछे छूट जाते हैं। आज हर देश अपनी सुरक्षा के नाम पर हथियार खरीद रहा है, सेना को मजबूत कर रहा है और सैन्य बजट बढ़ा रहा है। यह एक ऐसी दौड़ बन गई है जिसमें कोई भी देश पीछे नहीं रहना चाहता। लेकिन विडंबना यह है कि जितने अधिक हथियार बढ़ रहे हैं, दुनिया उतनी ही असुरक्षित होती जा रही है। सुरक्षा की यह मानसिकता वास्तव में असुरक्षा का ही परिणाम है। एक देश हथियार बढ़ाता है तो दूसरा देश भी हथियार बढ़ाता है और इस तरह एक अविश्वास का वातावरण बन जाता है। यह अविश्वास ही युद्ध की जमीन तैयार करता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में दुनिया का सैन्य खर्च कई गुना बढ़ जाएगा और यह पैसा मानव विकास के बजाय विनाश की तैयारी में खर्च होगा। यह स्थिति मानव सभ्यता के लिए शुभ संकेत नहीं है। पश्चिम एशिया का संकट इस समय दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बनता दिखाई दे रहा है। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते हमले, समुद्री मार्गों की सुरक्षा को लेकर तनाव और बड़े देशों की प्रत्यक्ष या परोक्ष भागीदारी ने इस क्षेत्र को युद्ध के कगार पर खड़ा कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा समुद्री मार्ग खोलने की चेतावनी को खारिज करते हुए ईरान ने इजरायल पर हमलों का नया दौर शुरू किया है, जिससे यह संकट और अधिक गंभीर हो गया है। यदि यह संघर्ष लंबा चलता है तो इसका प्रभाव केवल इस क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ेगा, क्योंकि यह क्षेत्र दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति का केंद्र है। दुनिया की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा तेल और गैस पर निर्भर है और पश्चिम एशिया तेल उत्पादन का सबसे बड़ा क्षेत्र है। यदि वहां युद्ध बढ़ता है या समुद्री मार्ग बाधित होते हैं तो तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। तेल महंगा होगा तो पेट्रोल-डीजल महंगा होगा, परिवहन महंगा होगा, उत्पादन लागत बढ़ेगी और अंततः हर वस्तु महंगी हो जाएगी। यानी एक वैश्विक महंगाई का दौर शुरू हो सकता है। महंगाई बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। इसके साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी की ओर भी जा सकती है। पहले से ही कई देश आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और यदि ऊर्जा संकट बढ़ता है तो स्थिति और गंभीर हो जाएगी। भारत जैसे देश भी इस स्थिति से अछूते नहीं रह सकते, क्योंकि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। इसी खतरे को देखते हुए भारत सरकार ने ऊर्जा आपूर्ति, पेट्रोल-डीजल, गैस और उर्वरकों की उपलब्धता बनाए रखने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है।

## राही हूँ अनजान

उदय किशोर साह

कविता



जीवन की सफर में ,मैं राही अनजान
करा दो प्रभु मेरी भी जग से पहचान
कठिन डगर है बन जाये वो आसान
विनती सुन लो मेरी प्रभु दो वरदान

अनपढ़ गंवार से भरा पड़ा ये संसार
दौलत की मद में चूर हो देता दुत्कार
विद्वजनों का करता है वो तिरस्कार
कैसे जी पायेगें यहाँ सज्जन परिवार

हर नुक्कड़ पे है अधर्मी का यहाँ शोर
मार काट हो रही नित्य चहूँओर
दोस्तों में मिट गई विश्वास का दौर
गाँव में बन गये लुच्चे लफंगें सिरमोर

ज्ञान की हो रही जग से अब गुमनाम
मानव जाति हो गई आज अब बदनाम
सभ्य समाज को ना मिलता सम्मान
मूरख खुद को समझ रहा जग में महान

इज्जत आबरू की हो रही है यहाँ छुट्टी
अपनों को अपनों से हो गई है कुट्टी
प्रेम की जगत में वैमनस्यता की मिट्टी
भाई – भाई के बीच ईर्ष्या द्वेष की पट्टी

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# महिला सुरक्षा संस्थाओं का पतन


डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक



महाराष्ट्र महिला आयोग की तत्कालीन अध्यक्ष रूपाली चाकणकर द्वारा एक बलात्कार आरोपी ज्योतिषी अशोक खरात उर्फ कैप्टन के पैर धोने का दृश्य सोशल मीडिया पर फैलते ही पूरे देश में हंगामा मच गया। यह घटना केवल एक व्यक्तिगत चूक नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण के नाम पर बने संस्थानों की आंतरिक कमजोरी का प्रतीक है। एक ऐसे व्यक्ति के चरणों में नतमस्तक होना, जिस पर 58 महिलाओं के यौन शोषण, गुप्त कैमरे लगाने और नशीले पदार्थों के माध्यम से अंधविश्वास का लाभ उठाने के आरोप हैं, नारीवाद के सिद्धांतों पर गहरा आघात है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देश पर चाकणकर ने 20 मार्च 2026 को इस्तीफा दे दिया, लेकिन प्रश्न बना हुआ है—क्या यह राजनीतिक नियुक्ति प्रणाली का परिणाम है? भारतीय संदर्भ में महिला आयोग राज्य स्तरीय संस्थाएँ हैं, जो संविधान के अनुच्छेद 15 और 39 के अंतर्गत महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए स्थापित की गई हैं। लेकिन जब इन संस्थाओं का प्रमुख स्वयं एक आरोपी के प्रति श्रद्धा दिखाए, तो पीड़ित महिलाओं का विश्वास कैसे बनेगा? नासिक पुलिस ने खरात के फार्महाउस से 58 आपत्तिजनक वीडियो बरामद किए, जो यह सिद्ध करते हैं कि अंधविश्वास कितना खतरनाक हो सकता है। यह घटना हमें सामाजिक, राजनीतिक और कानूनी स्तर पर गंभीर चिंतन के लिए बाध्य करती है। अशोक खरात कोई साधारण ज्योतिषी नहीं था। वह 'कैप्टन' के नाम से जाना जाता था, जो नेताओं से लेकर आम महिलाओं तक को अपनी कथित पूजा-पाठ और हस्तरेखा देखने के बहाने फंसाता था। पुलिस जांच में सामने आया कि उसने फार्महाउस पर गुप्त कैमरे लगाए थे, महिलाओं को नशीला पदार्थ पिलाया और उनका शोषण किया। पेन ड्राइव में 58 वीडियो मिले, जो उसके अपराधों के ठोस प्रमाण हैं। नासिक के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि खरात की संपत्ति लगभग 200 करोड़ रुपये की है, जो शोषण के माध्यम से अर्जित की गई है। भारत में अंधविश्वास का यह बाजार नया नहीं है। तंत्र-मंत्र, ज्योतिष और तथाकथित बाबाओं का प्रभाव ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों तक फैला हुआ है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में अंधविश्वास से जुड़े अपराधों में 15 प्रतिशत वृद्धि हुई है। खरात ने कई नेताओं के हाथ देखे, जिनमें रूपाली चाकणकर भी शामिल थीं। एक वीडियो में वे यह कहते हुए दिखाई देती हैं कि 'आप जैसे महापुरुष दुर्लभ हैं।'

यह श्रद्धा किस प्रकार अपराधी को संरक्षण देती है, यह गंभीर विचार का विषय है। राजनीतिक प्रभाव के कारण आरोपी को छूट मिली, जो व्यवस्था की खामियों को उजागर करता है। रूपाली चाकणकर भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता हैं, जिन्हें महिला आयोग का अध्यक्ष बनाया गया था। वीडियो सामने आने के बाद विपक्ष ने उनके इस्तीफे की मांग की। उन्होंने 'व्यक्तिगत कारणों' से इस्तीफा दे दिया, परंतु विशेष जांच दल की जांच जारी है। क्या वे आरोपी की सहयोगी थीं? विपक्ष ने उन्हें सह-आरोपी बनाने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने तत्काल इस्तीफे का निर्देश दिया, जो सराहनीय कदम है। यह घटना राजनीतिक नियुक्ति प्रणाली की समस्या को उजागर करती है, जहाँ योग्यता की बजाय वफादारी को प्राथमिकता दी जाती है। महिला आयोग का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना है, लेकिन वास्तविकता अलग है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 30 प्रतिशत महिलाएँ घरेलू हिंसा का सामना करती हैं, लेकिन आयोगों तक पहुँचने वाली शिकायतें 5 प्रतिशत से भी कम हैं। इसका कारण जागरूकता की कमी, भय और राजनीतिक दबाव है। हरियाणा जैसे राज्यों में भी यही स्थिति है, जहाँ अंधविश्वास और बाबाओं का प्रभाव अधिक है और राजनीतिक नेता इन्हें वोट बैंक के लिए बढ़ावा देते हैं। अंधविश्वास महिला शोषण का एक प्रमुख माध्यम बन चुका है। कई तथाकथित बाबा 'काला जादू हटाने' के नाम पर महिलाओं का शोषण करते हैं। शिक्षा के बावजूद अंधविश्वास का बढ़ना चिंताजनक है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लगभग 40 प्रतिशत लोग अंधविश्वास पर विश्वास करते हैं। महिला सशक्तिकरण के दावों के बीच यह एक विडंबना है। कानून के अनुसार, भारतीय दंड संहिता की धारा 376, पोक्सो कानून और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम ऐसे अपराधों को नियंत्रित करते हैं। फिर भी सजा की दर 30 प्रतिशत से कम है। त्वरित सुनवाई की कमी के कारण अपराधी खुले घूमते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने हुसैनाारा खातून मामले में त्वरित सुनवाई को संविधान के अनुच्छेद 21 का हिस्सा माना था।

महाराष्ट्र में विशेष जांच दल का गठन एक सकारात्मक कदम है, लेकिन पारदर्शिता आवश्यक है। सुझाव के रूप में महिला आयोगों को स्वायत्त बनाया जाना चाहिए, राजनीतिक नियुक्तियों को रोका जाना चाहिए, अंधविश्वास विरोधी कानून को मजबूत किया जाना चाहिए (जैसे झारखंड मॉडल), और डिजिटल माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। साथ ही, पुलिस प्रशिक्षण में लैंगिक संवेदनशीलता को शामिल किया जाना चाहिए। वैश्विक स्तर पर विश्व आर्थिक मंच की जेंडर गैप रिपोर्ट में भारत का स्थान 127वाँ है। ऐसी घटनाएँ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नकारात्मक छवि प्रस्तुत करती हैं। अन्य देशों में #MeToo आंदोलन इसलिए सफल हुआ क्योंकि वहाँ की संस्थाएँ अधिक मजबूत थीं।

भारत को भी इससे सीख लेनी चाहिए। रूपाली चाकणकर प्रकरण एक आईना है, जो दिखाता है कि जब तक संस्थाएँ राजनीति की भेंट चढ़ती रहेंगी, तब तक महिला सुरक्षा केवल एक दावा बनी रहेगी। अंधविश्वास का अंत शिक्षा से और राजनीतिक दुरुपयोग का अंत सुधार से ही संभव है। समाज, सरकार और नागरिकों को मिलकर काम करना होगा, अन्यथा पीड़ितों की संख्या बढ़ती ही जाएगी।

# डिजिटल डस्टः हमारे ऑनलाइन जीवन की अनदेखी छाया


डॉ. विजय गर्ग
लेखक

आज के डिजिटल युग में, हम सभी एक ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां हमारा हर कदम, हर क्लिक और हर पसंद एक निशान छोड़ती है। इसे अक्सर 'डिजिटल डस्ट' या 'डिजीटल फुटप्रिंट' कहा जाता है। जैसे घर में पैदा होने वाला धूल हमें अनदेखा कर देता है लेकिन धीरे-धीरे एकत्रित हो जाता है, वैसे ही इंटरनेट पर हमारी गतिविधि भी डेटा का एक विशाल भंडार बन जाती है। डिजिटल डस्ट क्या है? सरल शब्दों में, जब भी आप इंटरनेट का उपयोग करते हैं, तो आप अपने बारे में कुछ जानकारी छोड़ जाते हैं। इसमें शामिल हैंः सोशल मीडिया पोस्ट और टिप्पणियाँः जिन्हें आप पसंद करते हैं या साझा करते हैं। खोज इतिहासः जो आप गूगल या अन्य प्लेटफार्मों पर खोजते हैं। ऑनलाइन खरीदारीः आपकी पसंद और खरीदारी की आदतें। स्थान डेटाः आपका फोन कहां-कहां जाता है। यह क्यों मायने रखता है? कभी-कभी हमें लगता है कि यह केवल एक छोटी सी जानकारी है, लेकिन वास्तव में यह बहुत प्रभावशाली हैः गोपनीयताः आपका यह डेटा कंपनियों द्वारा आपके व्यवहार को समझने और आपको विज्ञापन दिखाने के लिए उपयोग किया जाता है।

सुरक्षाः यदि यह डेटा गलत हाथों में चला जाता है, तो इसका उपयोग पहचान की चोरी या साइबर धोखाधड़ी के लिए किया जा सकता है। डिजिटल विरासतः भविष्य में, हमारा यह डिजिटल इतिहास ही हमारी पहचान बन सकता है। अपनी डिजिटल सफाई कैसे करें? जैसे-जैसे हम अपने घर की सफाई करते हैं, हमें अपनी डिजिटल उपस्थिति का भी ध्यान रखना चाहिएः अप्रयुक्त खाते हटाएँः उन सोशल मीडिया या ऐप्स को बंद कर दें जिनका आप अब उपयोग नहीं करते हैं। गोपनीयता सेटिंग्स जांचेंः अपने सोशल मीडिया खातों की गोपनीयता सेटिंग्स को नियमित रूप से देखें। ब्राउजर इतिहास साफ करेंः समय-समय पर अपनी कुकीज और खोज इतिहास को साफ करें। सावधानी के साथ साझा करेंः कुछ भी पोस्ट करने से पहले सोचें कि क्या यह जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए। आज के डिजिटल युग में मनुष्य का जीवन ऑनलाइन दुनिया से घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है। हम सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक मोबाइल, कंप्यूटर और इंटरनेट का उपयोग करते हैं। इस ऑनलाइन गतिविधि के दौरान हम जो भी जानकारी छोड़ते हैं उसे 'डिजिटल डस्ट' कहा जाता है। ये धूल हमारे डिजिटल पैरों के निशान हैं, जो हमारी आदतों और व्यवहार के बारे में काफी कुछ बताते हैं। डिजिटल डस्ट में हमारी सोशल मीडिया पोस्ट, लाइक्स, कमेंट्स, सर्च हिस्ट्री, ईमेल और ऑनलाइन खरीदारी की जानकारी शामिल होती है। हम अक्सर इस बात को नजरअंदाज कर देते हैं कि ये छोटे-छोटे डेटा टुकड़े मिलकर हमारे बारे में एक संपूर्ण तस्वीर बना सकते हैं। कंपनियां और वेबसाइटें इस जानकारी का उपयोग करके हमें लक्षित करती हैं और हमारे लिए विशेष विज्ञापन तैयार करती हैं। एक तरफ, डिजिटल डस्ट हमारे जीवन को आसान बना देता है। इससे हमें अपनी पसंद के उत्पाद, जानकारी और सेवाएं आसानी से मिल जाती हैं। लेकिन दूसरी तरफ, यह हमारे निजी जीवन के लिए खतरा भी बन सकता है। यदि हमारी जानकारी गलत हाथों में पड़ती है, तो इसका दुरुपयोग हो सकता है, जैसे धोखाधड़ी या पहचान की चोरी। इसलिए हमें डिजिटल डस्ट के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है। अपनी गोपनीयता सेटिंग्स को ठीक रखना, अनजान लिंक पर क्लिक न करना और मजबूत पासवर्ड का उपयोग करना कुछ महत्वपूर्ण कदम हैं। इसके अलावा, हमें समझदारी से ऑनलाइन जानकारी साझा करनी चाहिए। अंत में, कह सकते हैं कि डिजिटल डस्ट आधुनिक जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। इसके लाभों का आनंद लेते हुए हमें इसके खतरों से भी सावधान रहना चाहिए, ताकि हम एक सुरक्षित और संतुलित डिजिटल जीवन जी सकें।

# आतंकवादी ऑनलाइन वीडियो गेम के जरिए युवाओं की भर्ती कर रहे हैं


स्नेहा सिंह
लेखिका

दुनिया में एक ओर युद्ध की स्थिति है, तो दूसरी ओर कई देशों में आतंकवाद भी बढ़ रहा है। कई देश आतंकवाद के खिलाफ लगातार लड़ रहे हैं। इसी बीच एक ऐसी रिपोर्ट सामने आई है, जो चिंता बढ़ाने वाली है। ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, आतंकवाद से होने वाली मौतों में पश्चिमी देशों में भारी वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष पश्चिमी देशों में आतंकवादी हमलों में मरने वालों की संख्या 280 प्रतिशत बढ़ी। जब इन हमलों के कारणों की जांच की गई तो सामने आया कि टीनएजर्स और युवाओं द्वारा सबसे ज्यादा आतंकी हमले किए जा रहे हैं। लोन वुल्फ आतंकवादी हमलों में भी अधिकतर हमलावर टीनएजर या युवा ही होते हैं। युवाओं को हिंसा और आतंकवाद की ओर ले जाना आसान होने के कारण अब आतंकवादी नई रणनीतियों से युवाओं को बर्बाद कर रहे हैं।

इस रिपोर्ट में एक और चौंकाने वाली बात सामने आई कि युवाओं और टीनएजर्स को हिंसा के रास्ते पर ले जाने में ऑनलाइन वीडियो गेम्स एक बड़ा कारण बन रहे हैं। इसमें बताया गया है कि इन हिंसक वीडियो गेम्स के जरिए युवाओं का ब्रेनवॉश कर उन्हें अपराध की ओर धकेला जा रहा है। कुछ ही हफ्तों में ऐसे गुमराह युवाओं और टीनएजर्स का समूह तैयार हो जाता है। ऑनलाइन माध्यम और गेम्स का इस्तेमाल करके आतंकियों ने अपनी भर्ती प्रक्रिया बदल दी है। वे हिंसक गेम खेलने वाले युवाओं को टारगेट करके उन्हें आतंकी बना रहे हैं। ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स के आंकड़ों में विरोधाभास भी देखने को मिला। 2015 से 2025 के बीच आतंकी घटनाओं में औसतन 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई और ये 2994 घटनाओं तक पहुंच गईं। वहीं मौतों की संख्या 28 प्रतिशत घटकर 5,582 रह गई।

लेकिन पश्चिमी देशों में आतंकवाद से होने वाली मौतों में 280 प्रतिशत का उछाल आया। पिछले साल 57 लोगों की मौत आतंकी हमलों में हुई। ये हमले राजनीतिक और धार्मिक आतंकवाद से जुड़े थे। विशेषज्ञों के अनुसार, गाजा और यूक्रेन में जारी युद्ध के कारण युवाओं में कट्टरवाद बढ़ रहा है, जिससे वे आतंकवादी समूहों का शिकार बन रहे हैं। चिंताजनक बात यह है कि इस्लामिक स्टेट 2025 में भी सबसे खतरनाक आतंकी संगठन बना रहा, हालांकि वैश्विक हमलों में उसकी भागीदारी 17 प्रतिशत रही। पश्चिमी देशों में पिछले पांच वर्षों में हुए 93 प्रतिशत हमले लोन वुल्फ हमले थे। इन हमलों की सफलता दर समूह हमलों की तुलना में तीन गुना अधिक रही।

रिपोर्ट के अनुसार, अधिकतर हमले और मौतें संघर्ष वाले क्षेत्रों में हुईं। पश्चिमी देशों में बढ़ते विवादों के कारण हिंसा और कट्टरवाद में वृद्धि हो रही है। पिछले साल यूरोप और उत्तर अमेरिका में हुए 42 प्रतिशत हमलों में बच्चे और किशोर शामिल थे, जो पिछले वर्षों की तुलना में तीन गुना वृद्धि दशार्ता है। पश्चिमी देशों में आतंकी संगठन युवाओं की बड़े पैमाने पर भर्ती कर रहे हैं। फ्रांस, बेल्जियम और यूके जैसे देशों में किशोरों की संलिप्तता तेजी से बढ़ी है। विशेषज्ञों के अनुसार, 13 से 25 वर्ष के युवाओं को आसानी से फंसाया जाता है और कुछ मामलों में 8-9 वर्ष के बच्चे भी शामिल पाए गए हैं। पश्चिमी देशों में आतंकी युवाओं की औसत उम्र 17 वर्ष है, जो बेहद चिंताजनक है। शोधकताओं के अनुसार, ऑनलाइन गेम्स और सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को तेजी से कट्टरपंथी बनाया जा सकता है। पहले इसमें महीनों या सालों लगते थे, लेकिन अब कुछ ही दिनों में यह संभव हो गया है। एल्गोरिद्म और लगातार हिंसक कंटेंट के जरिए युवाओं को प्रभावित किया जाता है।

सबसे खतरनाक बात यह है कि युवाओं को ऐसी परिस्थितियां दिखाई जाती हैं, जिससे वे हिंसा को ही समाधान मानने लगते हैं। गेम्स और वीडियो के जरिए उन्हें हमलों के तरीके सिखाए जाते हैं। इससे पश्चिमी देशों में हिंसा बढ़ रही है। आतंकी संगठन माइनक्राफ्ट और रोब्लॉक्स जैसे प्लेटफार्म का उपयोग करके युवाओं को भटका रहे हैं। अमेरिका और आस्ट्रेलिया की खुफिया एजेंसियों ने भी इस पर चिंता जताई है। डिस्कॉर्ड जैसे प्लेटफार्म का भी उपयोग किया जा रहा है। गेम्स के जरिए युवाओं को चुनौती देकर उन्हें धीरे-धीरे वास्तविक हमलों की ओर धकेला जाता है। इस रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि बच्चों और युवाओं की कमजोर मानसिक स्थिति और उनकी प्रतिस्पर्धात्मक भावना का फायदा उठाकर उन्हें हिंसा के लिए उकसाया जाता है। आतंकी पहले गेम्स के जरिए स्कोरबोर्ड बनाते हैं और युवाओं की क्षमता आंकते हैं। इसके बाद किल काउंट और अटैक स्कोर के जरिए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाता है। इससे उनमें प्रतिस्पर्धा बढ़ती है और वे हिंसक गतिविधियों में शामिल होने लगते हैं।

मल्टीप्लेयर गेम्स के जरिए उन्हें समाज से अलग कर हिंसा के लिए तैयार किया जाता है। सोशल मीडिया पर उनके लिए अलग समुदाय बनाए जाते हैं, जहां लगातार स्कोर अपडेट किए जाते हैं। शुरूआत में लोकप्रिय गेम्स के जरिए उन्हें जोड़ा जाता है और फिर धीरे-धीरे कट्टरपंथी विचारों की ओर मोड़ा जाता है। शार्ट वीडियो और एल्गोरिद्म इसमें बड़ी भूमिका निभाते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सभी गेम्स नुकसानदायक नहीं होते, लेकिन इनका दुरुपयोग करके आतंकवादी युवाओं को कट्टरपंथी बना रहे हैं, जिसे समझना बेहद जरूरी है।

# स्त्री शिक्षा, सुरक्षा पर गंभीर विमर्श की आवश्यकता


संजीव ठाकुर
लेखक

किसी भी लोकतांत्रिक समाज की प्रगति का आकलन उसकी आधी आबादी अर्थात स्त्रियों की स्थिति से किया जाता है। यह तथ्य आज केवल विचार नहीं बल्कि वैश्विक विकास सूचकांकों का आधार बन चुका है। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में स्त्री की स्थिति एक ओर उल्लेखनीय प्रगति का संकेत देती है तो दूसरी ओर गंभीर चुनौतियों की ओर भी ध्यान आकृष्ट करती है। स्त्री शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का आधार स्तंभ होती है, बीते कुछ दशकों में भारत में स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार देखने को मिला है, बालिका नामांकन दर में वृद्धि, माध्यमिक शिक्षा में लैंगिक अंतर में कमी और उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी ने सामाजिक संरचना को नया स्वरूप दिया है। विशेष रूप से विज्ञान, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा और प्रशासनिक सेवाओं में महिलाओं की उपस्थिति यह दशार्ती है कि शिक्षा स्त्री सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम बन रही है, किंतु यह भी यथार्थ है कि ग्रामीण, आदिवासी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों में बालिकाओं की शिक्षा अब भी सामाजिक दबाव, घरेलू श्रम और बाल विवाह जैसी समस्याओं से प्रभावित है। वर्तमान सामाजिक परिदृश्य में स्त्री की स्थिति आधुनिक भारत की स्त्री आज शिक्षा, रोजगार और सार्वजनिक जीवन में पहले की तुलना में अधिक सक्रिय भूमिका निभा रही है, पंचायत से लेकर संसद तक उसकी भागीदारी बढ़ी है और प्रशासनिक सेवाओं में महिलाओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है, इसके बावजूद घरेलू स्तर पर निर्णय लेने की स्वतंत्रता, समान वेतन और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दे अब भी पूर्ण समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं, यह स्थिति इस तथ्य को रेखांकित करती है कि कानूनी अधिकार और सामाजिक स्वीकृति के बीच अभी भी एक स्पष्ट अंतर विद्यमान है। स्त्रियों के विरुद्ध अपराध चिंता का विषय है हाल के वर्षों में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के स्वरूप में भी बदलाव आया है, पारंपरिक अपराधों के साथ-साथ साइबर अपराध, ऑनलाइन उत्पीड़न और डिजिटल माध्यमों के दुरुपयोग से जुड़ी घटनाएँ तेजी से बढ़ी हैं, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, दहेज से संबंधित मामले और सार्वजनिक स्थलों पर असुरक्षा की घटनाएँ यह संकेत देती हैं कि शहरीकरण और तकनीकी प्रगति के बावजूद सामाजिक मानसिकता में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है, यह स्थिति न केवल कानून व्यवस्था बल्कि सामाजिक चेतना के स्तर पर भी गंभीर आत्ममंथन की मांग करती है। कानूनी प्रावधान और प्रशासनिक दायित्व पर एक दृष्टि डालें तो भारत में महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों के संरक्षण के लिए सुदृढ़ कानूनी ढांचा उपलब्ध है, जिसमें घरेलू हिंसा निषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण कानून, दहेज निषेध अधिनियम तथा हाल के आपराधिक कानून संशोधन शामिल हैं, किंतु प्रशासनिक दृष्टि से चुनौती इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, त्वरित न्याय और पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण की है, पुलिस, न्यायपालिका और स्थानीय प्रशासन के समन्वय के बिना केवल कानूनों का अस्तित्व पर्याप्त नहीं सिद्ध हो सकता। आर्थिक सहभागिता और विकास की अनिवार्यता – स्त्रियों की आर्थिक भागीदारी को राष्ट्रीय विकास की अनिवार्य शर्त के रूप में स्वीकार किया जा चुका है, स्वयं सहायता समूहों, सूक्ष्म वित्त योजनाओं, ग्रामीण उद्यमिता और स्टार्टअप संस्कृति ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्रदान किए हैं, फिर भी श्रम बाजार में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम बनी हुई है, जिसका कारण सामाजिक जिम्मेदारियों का असमान बोझ, कार्यस्थल पर सुरक्षा की कमी और अनौपचारिक क्षेत्र में रोजगार की अधिकता है। मीडिया और सामाजिक दृष्टिकोण में मीडिया स्त्री की छवि निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, सकारात्मक उदाहरणों के साथ-साथ यह भी आवश्यक है कि स्त्री को संवेदनशीलता के साथ सम्मानजनक और संतुलित रूप में प्रस्तुत किया जाए, जिससे समाज में समानता और गरिमा का संदेश सुदृढ़ हो सके।

# UPSC में चयनित शिवानी का दतियाना गांव में हुआ भव्य स्वागत



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष पवन हूण गुर्जर के नेतृत्व में ग्राम दतियाना में यूपीएससी में चयनित प्रतिभाशाली छात्रा शिवानी का भव्य स्वागत किया गया।जानकारी के अनुसार, दिनांक 23 मार्च 2026 को गांव दतियाना में आयोजित कार्यक्रम में शिवानी के यूपीएससी में चयनित होने पर ग्रामीणों ने गर्व व्यक्त करते हुए उनका सम्मान किया। इस अवसर पर गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि शिवानी की यह सफलता गांव और क्षेत्र के लिए प्रेरणा है।

उनकी मेहनत और लगन से यह साबित होता है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी देश में अपना नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक होने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे और शिवानी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# गीतांजलि काव्य प्रसार मंच का स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक संपन्न,

## 'नीरज कुंज' के सशक्त नारी विशेषांक का हुआ लोकार्पण

डॉ. शंभु पंवार

**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया)।** गीतांजलि काव्य प्रसार मंच, दिल्ली का स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया।इस अवसर पर मंच की त्रैमासिक ई-पत्रिका 'नीरज कुंज' के 'सशक्त नारी विशेषांकह्व का भव्य लोकार्पण किया गया, जिसने कार्यक्रम को विशेष साहित्यिक ऊंचाई प्रदान की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा 'गीत' ने साहित्य जगत में नारी शक्ति के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि यह विशेषांक समाज में महिला सशक्तिकरण की प्रेरणा बनेगा। उन्होंने मंच की नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सभी पदाधिकारियों से साहित्य सेवा को और अधिक विस्तार देने का आह्वान किया।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में संरक्षक मंडल में साहित्य जगत की विशिष्ट विभूतियों में डॉ. अशोक मैत्रेय, डॉ. सौरभ पांडेय, डॉ. सविता चड्ढा,



डॉ. वीणा मित्तल, डॉ. प्रेम भारद्वाज 'ज्ञानभिक्षु', राम किशोर उपाध्याय, डॉ. पुष्पा जोशी, डॉ. सूक्ष्मलता महाजन, देवेंद्र प्रकाश शर्मा 'देव' तथा मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव को स्थान दिया गया है।एवं प्रमुख सलाहकार के रूप में वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉ. शंभू पंवार को दायित्व सौंपा गया है।

मुख्य कार्यकारिणी में डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा 'गीत' (राष्ट्रीय अध्यक्ष), डॉ. मनोज कामदेव (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), जयवीर सिंह अत्री (उपाध्यक्ष), डॉ. पुष्पा जोशी (महासचिव), सरिता विजय शर्मा (सचिव) एवं जतिन अरोड़ा (कोषाध्यक्ष) शामिल हैं।

इसके साथ ही मंच की त्रैमासिकई-पत्रिका 'नीरज कुंज' के संपादक मंडल की भी घोषणा की गई, जिसमें संरक्षक के रूप में प्रेम भारद्वाज 'ज्ञानभिक्षु', सलाहकार के रूप में डॉ. शंभू पंवार, मुख्य संपादक डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा 'गीत', संपादक डॉ. पुष्पा जोशी, सचिव श्री देवेंद्र प्रकाश शर्मा एवं उप संपादक सरिता विजय शर्मा को दायित्व प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी साहित्यकारों एवं अतिथियों ने मंच की इस नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए साहित्यिक गतिविधियों के व्यापक विस्तार की आशा व्यक्त की।

# गैस सिलेंडर के लिए लंबी कतारों पर फूटा आक्रोश, ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी ने प्रशासन को घेरा



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी यूपी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने हापुड़ के असौड़ा भारत गैस सर्विस सहित पूरे उत्तर प्रदेश में गैस उपभोक्ताओं की परेशानी को लेकर कड़ा रोष जताया है।

उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग और सिलेंडर लेने के लिए घंटों लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है, जिससे आम लोगों का कामकाज प्रभावित हो रहा है, जबकि सरकार और प्रशासन मूकदर्शक बने हुए हैं।

प्रदेश के कानूनी सलाहकार पंडित नरेश चंद शर्मा एडवोकेट ने कहा कि प्रदेश में डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों और किल्लत ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। उन्होंने मांग की कि गैस बुकिंग की व्यवस्था को पूरी तरह ऑनलाइन किया जाए और सिलेंडर की होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए, ताकि खासकर महिलाओं को राहत मिल सके।

जिला अध्यक्ष हापुड़ अजय शर्मा ने जिला प्रशासन से गैस उपभोक्ताओं की समस्या का शीघ्र समाधान कराने और व्यवस्था को सुचारू बनाने की मांग की।इस दौरान सुनील शर्मा (इंचार्ज प्रदेश कार्यालय), सचिन गोयल (प्रदेश सचिव), आबिद सेफी (अध्यक्ष मेरठ मंडल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ), धर्मवीर कश्यप (जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ हापुड़) और इरफान सेफी (शहर अध्यक्ष हापुड़) सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी स्थिति पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया।

# शहीदी दिवस पर माय भारत लखनऊ द्वारा भव्य पदयात्रा, युवाओं ने दिया राष्ट्र निर्माण का संदेश

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**लखनऊ।** सोमवार को शहीदी दिवस के अवसर पर जनपद लखनऊ में माय भारत के तत्वावधान में पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु एवं शहीद सुखदेव के अद्वितीय बलिदान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।




कार्यक्रम की शुरूआत पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन करने के साथ हुई, जहां उपस्थित नागरिकों एवं युवाओं ने उनके आदर्शों को स्मरण करते हुए देश के प्रति समर्पण की भावना व्यक्त की। इसके उपरांत जनपद के प्रमुख मार्गों पर पदयात्रा निकाली गई।

पदयात्रा को मुख्य अतिथि दुर्गेश त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष एकल अभियान युवा विभाग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पदयात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा एवं विभिन्न जागरूकता संदेशों से युक्त पट्टिकाएं लेकर नागरिक कर्तव्यों, अनुशासन, स्वच्छता और राष्ट्र निर्माण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों को समझें और समाज तथा राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने शहीदों के दिखाए मार्ग पर चलने तथा राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस आयोजन ने न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि दी, बल्कि युवाओं में एक नई ऊर्जा और जिम्मेदारी की भावना भी जागृत की। कार्यक्रम में अजित कुमार निदेशक ए एस डिफेंस अकादमी, अंशिका यादव विवेकानंद पुरुस्कार विजेता, अनन्या पांडेय आस्कअस फाउंडेशन, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।अंत में सभी ने शहीदों के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# हापुड़ में 1 अप्रैल से स्कूल वाहनों की फिटनेस जांच का विशेष अभियान, 550 वाहनों की होगी जांच

राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जनपद में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए परिवहन विभाग ने 1 अप्रैल से 15 दिनों का विशेष फिटनेस जांच अभियान चलाने का निर्णय लिया है।इस अभियान के तहत जिले में पंजीकृत करीब 550 स्कूल वाहनों की सघन जांच की जाएगी।अभियान के दौरान प्रतिदिन लगभग 50 स्कूल वाहनों का निरीक्षण किया जाएगा। इसकी निगरानी एआरटीओ और पीटीओ स्तर के अधिकारी करेंगे। जांच का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी स्कूल वाहन निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करें।निरीक्षण के दौरान फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट, बीमा, चालक की योग्यता, फायर सेफ्टी उपकरण और फर्स्ट एड बॉक्स सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की गहन जांच की जाएगी।परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांच में खामियां मिलने पर



चालान, जुमार्ना और आवश्यकतानुसार अन्य कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।अधिकारियों के अनुसार विभाग अब तक करीब 100 स्कूल वाहनों की जांच कर चुका है, जिनमें कई में खामियां पाए जाने पर कार्रवाई की गई है।एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे ने बताया कि अभियान के दौरान सभी पंजीकृत स्कूल वाहनों को जांच के दायरे में लाया जाएगा। उन्होंने वाहन संचालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों की फिटनेस, दस्तावेज और सुरक्षा उपकरण पहले से दुरुस्त कर लें, ताकि जांच के समय किसी प्रकार की असुविधा न हो। यह अभियान स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

# अनिल सिंह चौहान बने भाजपा के जिला उपाध्यक्ष, कार्यकताओं में उत्साह की लहर

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**मलिहाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन विस्तार और मजबूती के क्रम में मलिहाबाद के पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्र अनिल सिंह चौहान को भाजपा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन की खबर मिलते ही मलिहाबाद सहित पूरे जनपद के पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

इस विशेष अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य ने अनिल सिंह चौहान को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों एवं जिले सहित प्रदेश के तमाम बड़े नेताओं ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया है। नेताओं का मानना है कि अनिल सिंह के अनुभव से संगठन को धरातल पर नई ऊर्जा मिलेगी।



अनिल सिंह चौहान के मनोनयन पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों और जनप्रतिनिधियों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से उमाकांत गुप्ता गौशाला प्रबंधक, पंकज गुप्ता डायरेक्टर, जिला सहकारी बैंक क्षेत्र के विभिन्न ग्राम प्रधान एवं बीडीसी सदस्य ने कहा।आपके कुशल नेतृत्व और सक्रियता से संगठन को एक नई मजबूती मिलेगी। हम सभी आपके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल हेतु मंगलकामनाएं करते हैं।

नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह चौहान ने नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने और संगठन को सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव के जीवन से प्रेरणा ले युवा : बिजेंद्र सिंह

नितिन शर्मा



**नूरपुर(वेलकम इंडिया)।** भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी पत्रकार बिजेंद्र सिंह ने आज की युवा पीढ़ी को अमर बलिदानी भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव सिंह के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शो को अपनाकर राष्ट्रहित मे कार्य करने का आव्हान किया। उन्होने कहा कि भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव सिंह जैसे हजारो क्रान्तिकारी युवाओ ने भारत माता की स्वतन्त्रता के लिए अपने प्राणो का बलिदान दे दिया। आज हमारे देश का अधिकांश युवा नशे जैसी बुरी आदतो का शिकार होता जा रहा है। मै अपने देश के युवा वर्ग से यह निवेदन करता हू नशे व सभी बुरी आदतो का त्याग कर अपने हृदय मे राष्ट्र भक्ति उत्पन्न कर राष्ट्र सेवा मे समर्पित हो।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 40 बालिकाओं को साइकिल वितरण

राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हापुड़, धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर एवं सिंभावली की 10–10 कुल 40 बालिकाओं को साइकिल वितरित की गई। यह कार्यक्रम महिला कल्याण विभाग, जनपद हापुड़ द्वारा अटल पार्क हापुड़ में आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय सदर विधायक विजयपाल आढ़ती ने की। इस अवसर पर उन्होंने बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाएं बेटियों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं।कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित महिला कल्याण विभाग के अधिकारी मनीष द्विवेदी, रविंद्र कुमार, नेहा त्यागी, सोनिया आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय शर्मा एवं डॉ. रेनू द्वारा किया गया। आयोजन के दौरान बालिकाओं में साइकिल प्राप्त कर खुशी का माहौल देखने को मिला।

# गांव दीवाना में यूपीएससी में चयनित शिवानी का हुआ सम्मान, युवाओं के लिए बनी प्रेरणा

राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** ग्राम दीवान मे गांव की प्रतिभाशाली बेटी शिवानी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शिवानी ने संघ लोक सेवा आयोग (वढरउ) की परीक्षा में 807वीं रैंक प्राप्त कर गांव और जनपद का नाम रोशन किया है।इस अवसर पर ग्रामीणों और गणमान्य लोगों ने शिवानी का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि शिवानी की इस उपलब्धि से गांव के बच्चों और युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अब गांव के बच्चे भी देश के बड़े पदों तक पहुंचने का सपना साकार कर सकते हैं। सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों ने शिवानी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि उनकी सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए एक मिसाल बनेगी। कार्यक्रम में गांव के कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# रोजगार सेवकों ने बकाया मानदेय को लेकर सौंपा मांग पत्र, सीएम से लगाई गुहार

असदुल्लाह सिद्दीकी

**शोहरतगढ़(वेलकम इंडिया)।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ क्षेत्र के रोजगार सेवकों का विगत लगभग छः महीनों से बकाया मानदेय न मिलने को लेकर सरकार के खिलाफ आवाज उठाई है। इस सम्बन्ध में ब्लाक मुख्यालय के प्रांगण में सोमवार को एडीओ एजी राजीव सिंह को रोजगार सेवकों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक प्रार्थना पत्र सौंपकर शीघ्र भुगतान की मांग की है। प्रार्थना पत्र में रोजगार सेवकों ने बताया कि मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना) के अन्तर्गत कार्य करने के बावजूद उन्हें विगत करीब छः महीनों से मानदेय नहीं



मिला है। इससे उनके सामने गम्भीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। विकास खण्ड शोहरतगढ़ के रोजगार सेवक ब्लाक अध्यक्ष शोहरतगढ़.विजय दूबे का कहना है कि वे अपने नियमित कार्यों के साथ-साथ अन्य सरकारी योजनाओं में भी पूरी निष्ठा से योगदान दे रहे हैं लेकिन रोजगार सेवकों का समय पर मानदेय न मिलना उनके साथ अन्याय है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि रोजगार सेवकों की स्थिति को देखते हुए उनका विगत महीनों से 31 मार्च 2026 तक बकाया मानदेय का तत्काल भुगतान कराया जाये। यदि तय समय सीमा तक भुगतान नहीं हुआ तो रोजगार सेवक कार्य बहिष्कार के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। वहीं बकाया मानदेय को लेकर शोहरतगढ़ क्षेत्र के रोजगार सेवकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो आन्दोलन की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है।

# महिला से ओटीपी पूछकर 29 हजार रुपया उड़ाएं

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के कल्लीपुर गांव (इस्लामपुर) निवासी महिला जयनफ को जालसाजों ने झांसे में लेकर ओटीपी के माध्यम से 29 हजार रुपया उड़ा दिया।घटना शुक्रवार की शाम की बताई गई पीड़िता द्वारा सोमवार की दोपहर में अज्ञात जालसाजों के खिलाफ तहरीर दिया गया।

पीड़िता जयनफ ने बताया कि बीते शुक्रवार को एक नंबर से फोन आया फोन करने वाले ने बोला कि में आंगनबाड़ी से बोल रहा हूं आपको टिका लगा था न उसी के वेरीफाई के लिए आपके पास फोन किया गया है एक ओटीपी जाएगा उसी को बताना है आपको।

महिला द्वारा कुछ दिन पूर्व टिका लगवाया गया था और जालसाज के झांसे में आकर जैसे ही ओटीपी आया बता दी।ओटीपी बताने के कुछ देर बाद ही उसके एसबीआई के बैक खाते से 29 हजार रुपया कट गया। महिला द्वारा एसबीआई बैक के ग्राहक सेवा केंद्र कल्लीपुर में जब जाकर सोमवार पता लगाया था तो उसको जालसाजी की जानकारी हुई। महिला ने बताया कि जब उस नंबर पर फोन की तो उधर से भद्दी-भद्दी गाली-गलौज दिया गया व थोड़ी देर बाद नंबर बंद हो गया। मिजार्मुराद पुलिस तहरीर लेकर अज्ञात जालसाज के तलाश में जुट गई। मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि बार-बार सभी को साइबर अपराध से बचने का तरीका बताया जा रहा है उसके बाद भी लोग जालसाजी के शिकार को जा रहे है।आमजनमानस से निवेदन है कि किसी को भी अपना ओटीपी शेयर न करे।

# प्रदेश सरकार के चार साल की विकास गाथा को लेकर हुआ बहुद्देशीय शिविर

गोविंन्द मेहता

**बागेश्वर(वेलकम इंडिया)।** राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ह्लजन-जन की सरकार चार साल बेमिसालह्व कार्यक्रम के अंतर्गत नुमाइशखेत मैदान में बहु-विभागीय जनकल्याण शिविर एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे, विधायक पार्वती दास तथा दर्जा राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई तथा आमजन को लाभ भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विधायक पार्वती दास ने राज्य




सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। राज्य का चहुँमुखी विकास हुआ है, गरीबों के कल्याण हेतु विभिन्न विकास योजनाए संचालित हुई।सरकार आमजन के विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है।दर्जा राज्य मंत्री



भूपेश उपाध्याय ने कहा कि उड़ान सेवा, आदर्श गांव योजना और नई शिक्षा नीति जैसी पहलों के माध्यम से प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के चार वर्ष के नितृत्व में अभूतपूर्व विकार कार्य किए गए। आज विकास की बयार घर घर तक पहुंची है।अंतिम छोर तक विकास की लहर पहुँची है।गरीबों के उत्थान और समानता के आधार पर पहले गरीबों के विकास को प्राथमिकता मिली है। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने जनपद में चल रही योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण कार्य गति से चल रहा है तथा झूला पुल और कुंती नाला से संबंधित समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने बताया कि जिला योजना का व्यय समय से पूर्व कर लिया गया है तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम में जनपद राज्य में अग्रणी है।जिला विकास के क्षेत्र में प्रदेश में अन्य जिलों की अपेक्षा मिले लक्ष्य प्राप्ति के क्षेत्र में अग्रणी रहा है।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का सजीव प्रसारण भी सुना गया।

# उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा और अत्याधुनिक स्वामी हरिदास प्रेक्षागृह वृंदावन में प्रारंभ

## सांसद हेमामालिनी ने मंच पर दो भजन गाकर की शुरूआत, गीता शोध संस्थान ने किया रासलीला का मंचन

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा(वृंदावन)।** गीता शोध संस्थान परिसर में नवनिर्मित 'स्वामी हरिदास प्रेक्षागृह' में अत्याधुनिक ऑडियो-विजुअल, साउंड एवं सिटिंग अरेंजमेंट सिस्टम की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता की परख माननीय सांसद हेमा मालिनी तथा विशेषज्ञ देवेंद्र बाधवा द्वारा की गई।

इस अवसर पर गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के प्रशिक्षु बालक-बालिकाओं ने स्व. छैल बिहारी उपाध्याय रचित 'भ्रमर गीत' रासलीला का भावपूर्ण मंचन प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

रासलीला में आकाश शर्मा (हारमोनियम), दीनानाथ शर्मा (बांसुरी), मनमोहन कौशिक (सारंगी) एवं सुनील पाठक (तबला) ने सुमधुर संगीत संगति दी। श्रीमती रितु सिंह ने आकर्षक वस्त्र विन्यास, कु. मानसी राजपूत ने कोरियोग्राफी तथा रोचन शर्मा एवं केशव पाठक ने सहयोग प्रदान किया।

गायन में प्रिया, सरस्वती, आकांक्षा, रोशनी एवं मोहिनी ठाकुर का विशेष योगदान रहा। मंचन में पूनम राजपूत (कृष्ण), तमन्ना शर्मा (राधा), मोहिनी भारद्वाज, दिशा चौधरी, प्रियांशी, माही, श्रेया, जाह्नवी, वंशिता, तान्या, भारती, वैष्णवी, कंचन, श्रेयांश, सुमित, हरी, चांदनी, मोनिका, कामिनी, डोली, दीक्षा, रक्षित, समीक्षा, प्रिया एवं प्राची सहित अनेक कलाकारों ने सहभागिता की।

गीता शोध संस्थान के दीपक शर्मा, रामवीर शर्मा एवं अन्य स्टाफ का भी सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम का निर्देशन संस्थान के निदेशक दिनेश खन्ना ने किया तथा मार्गदर्शन डॉ. उमेश शर्मा का रहा। मंचन का संयोजन एवं समन्वय चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार द्वारा किया गया, जिन्होंने कार्यक्रम का प्रभावी संचालन भी किया।

इस दौरान सांसद हेमा मालिनी ने दो भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उन्होंने निर्माण कार्य की सराहना करते हुए मैसर्स अमित कंस्ट्रक्शन, आगरा के स्वामी खेमचंद्र गोयल तथा कार्यदायी संस्था सीएनडीएस (उठऊ) को उत्कृष्ट गुणवत्ता के लिए बधाई दी।

तकनीकी परीक्षण के दौरान सीएनडीएस के प्रोजेक्ट मैनेजर कपिल सिंह, मैसर्स अमित कंस्ट्रक्शन के खेमचंद्र गोयल एवं सौरभ गोयल भी उपस्थित रहे। नवोदित गायिका नम्रता सिंह ने भी भजन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री सिकरवार ने बताया कि लगभग 1000 दर्शक क्षमता वाला यह प्रेक्षागृह अत्यंत आधुनिक, सुंदर एवं आकर्षक रूप में निर्मित हुआ है, जहाँ भविष्य में विविध सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों एवं रासलीलाओं का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा ऑडिटोरियम है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र, विप्रा सचिव आशीष कुमार, एसडीएम मांट राघवेन्द्र, महेश पांडे, महेश शर्मा, मधु ठाकुर, भाजपा नेता महेश खंडेलवाल, जनार्दन शर्मा, अनूप शर्मा, सरोज गोला, कथा वाचक मोहिनी कृष्णदासी, भजन गायक शिवम दास, खजानी वूमेन्स की एमडी शिप्रा राठी, रोहित बाजपेई, लेखक कपिल उपाध्याय, बलदेव के चेयरमैन डॉ. मुरारी अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में 3 लुटेरे गिरफ्तार: आगरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई



मयूर खान

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में थाना जगदीशपुरा के बिचपुरी क्षेत्र में 17 मार्च 2026 को सुनार से हुई लूट की घटना में शामिल 3 अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने सर्विलांस/एसओजी टीम के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए पथौली नहर के पास से इन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक अभियुक्त रोहित गोस्वामी के पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, मोटरसाइकिल और लूट के आभूषण बरामद किए हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों में रोहित गोस्वामी, अंकित भगौर और प्रिंस शामिल हैं। सहायक पुलिस आयुक्त लोहामण्डी ने बताया कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# आप और हम मित्र मंडल द्वारा चैत्र नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है उमड़ रही है भारी भीड़

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा।** बीएसए कालेज स्थित आनन्दपुरी के कोलोनीवासियो द्वारा द्वितीय नवदुर्गा महोत्सव मनाया जा रहा है। प्रथम दिन से ही पूजा पांडालों में आस्था का सैलाब उमड़ता रहा, मंदिरों में जलाभिषेक और हवन यज्ञ का आयोजन देर शाम तक चलता रहा, लोग पूजा अर्चना करने मंदिर पहुंचे और मनौती मांगी ।

देवी मंदिरों में खासकर महिलाओं का हुजूम उमड़ा, कई जगह तो महिलाओं ने नौ दिन तक व्रत का संकल्प लिया है, वे नौ दिन तक व्रत रखकर सादगी, समर्पण का परिचय देंगी, कई महिलाएं एक लॉन्ग के जोड़ा से व्रत का पालन करेंगी, इस दौरान राम और हनुमान मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है, लोकप्रिय रुद्र काली देवी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मीडिया प्रभारी विकास खत्री ने बताया कि इस बार चैत्र नवरात्र की शुरूआत तीन विशेष शुभ योगों शुक्ल योग, ब्रह्म योग और सर्वार्थ सिद्धि योग में हो रही है, शुक्ल योग में पूजा-पाठ, व्रत, जप और धार्मिक कार्य करने से विशेष पुण्य मिलता है, नए कार्यों की शुरूआत करने से सफलता और उन्नति मिलने की संभावना है, ब्रह्म योग में अध्ययन, मंत्र साधना, ध्यान और धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन विशेष फलदायी होता है रोज शाम को महिलाओं ने भजनों से मां को रिझाया तो किसी ने नाचकर हाजरी लगाई।

इस अवसर पर, प्रमोद कुमार, मीरा देवी,अमरसिंह राजपूत, शुशील गौतम, विकास खत्री,आकाश चौरसिया, दिनेश चौधरी, दिनेश कुमार, हरिवंश, लक्की, कोमल फोजी, अनूप सिंह, राधा, विमला देवी,नीरु, एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# शहीद दिवस पर किया वृक्षारोपण



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा(छाता)।** कस्बे की पुरानी तहसील मे स्थित भगत सिंह पार्क में शहीदी दिवस मनाया गया। सहीदे आजम भगत सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। गौरव अविरल शास्त्री ने बताया 23 मार्च को शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस दिन हमारे देश के तीन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, सुखदेव थापर, राजगुरु को अंग्रेजों ने फांसी दी थी।

इस शहीद दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण भी किया गया। तीनों शहीदों की आत्म की शांति के लिए मोन भी धारण किया गया। उपस्थित जनों में हर्ष पांचाल, मोहित, सौरभ शर्मा, अंकित वार्ष्णेय, गगन, अशोक शर्मा, सुनील चौधरी, कैलाश, भार्गव, मनीष बृजवासी आदि लोग रहे।

# कृष्ण नगरी में नेता प्रतिपक्ष का भव्य स्वागत, सैकड़ों लोगों ने थामा सपा का दामन

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा।** गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय का महेश चन्द शर्मा उर्फ गोल्डी भैया के कैम्प कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के विभिन्न वर्गों के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा, कांग्रेस और बसपा समेत विभिन्न दलों के साथ-साथ ठाकुर, जाट और ब्राह्मण समाज के सैकड़ों लोगों ने समाजवादी पार्टी की नीतियों में विश्वास जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। हजारों लोगों ने एकजुट होकर समाजवादी पार्टी का दामन थामा और आगामी चुनाव में पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। गोवर्धन वासियों ने नेता प्रतिपक्ष का चांदी का मुकुट पहनाकर और भव्य माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया, जिससे पूरा वातावरण सम्मान और जोश से भर गया। इस अवसर पर गिर्राज पंडित, अनिल गौतम, झुल्ला, बंटी गौतम, कारे मुखिया, लक्ष्मण मुखिया, देवेंद्र शुक्ला प्रधान, मुन्ना प्रधान, चंदपाल, नवल चौधरी, हिम्मत सिंह, पदम सिंह चौधरी और हरीश सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने भी पार्टी की सदस्यता ली।

# चेकिंग के दौरान शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, तीन चोरी की बाइक व अवैध चाकू बरामद



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वाहन चोरों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपी के कब्जे व निशानदेही से जनपद हापुड़ एवं बुलंदशहर से चोरी की गई तीन मोटरसाइकिलें तथा एक अवैध चाकू बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी काफी समय से वाहन चोरी की घटनाओं में सक्रिय था और विभिन्न स्थानों से बाइक चोरी कर उन्हें ठिकाने लगाता था।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही, बरामद मोटरसाइकिलों के संबंध में भी जांच की जा रही है ताकि अन्य मामलों का खुलासा हो सके। पुलिस टीमः इस कार्रवाई में थाना हापुड़ नगर पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनकी सतर्कता से आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का खुलासा किया जा सका।

# धानुका आश्रम में चतुर्दिवसीय दिव्य वासंतिक नवरात्रि महामहोत्सव पूणार्हुति के साथ सम्पन्न





डॉ. गोपाल चतुर्वेदी

**वृन्दावन(वेलकम इंडिया)।** रमणरेती-परिक्रमा मार्ग स्थित धानुका आश्रम में धानुका एग्रीटेक लिमिटेड (गुरुग्राम) के द्वारा चतुर्दिवसीय दिव्य वासंतिक नवरात्रि महामहोत्सव (पाठात्मक एवं हवनात्मक) अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। जिसके अंतर्गत याज्ञिक रत्न आचार्य विष्णुकांत शास्त्री के आचार्यत्व में वैदिक ब्राह्मणों के द्वारा श्रीशतचंडी यज्ञ एवं अभिषेकात्मक श्रीशिव शक्ति पाठ, श्रीमहारुद्राभिषेक आदि के अनुष्ठान भी यज्ञ की पूणार्हुति के साथ सम्पन्न हुए।

इस अवसर पर पधारी वात्सल्य ग्राम की संस्थापक पद्म विभूषण 'दीदी मां' साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि नवरात्रि मां भगवती की उपासना का प्रमुख पर्व हैं। इन दिनों मां भक्ति की आराधना करने से भक्तों के सभी दुःख दूर होते हैं।साथ ही उनकी सभी मनोकामना पूर्ण होती हैं। भागवत भास्कर कृष्ण चन्द्र शास्त्री ठाकुरजी महाराज ने कहा कि शतचंडी महायज्ञ मां दुर्गा को अत्यधिक प्रिय हैं। इससे माता शीघ्र ही प्रसन्न होकर अपने भक्तों को मनवांछित फल प्रदान करती हैं।साथ ही उन्हें सांसारिक दुगुर्णों से बचाती हैं।

प्रख्यात साहित्यकार 'यूपी रत्न' डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि ऐसे दिव्य अनुष्ठानों से ही सनातन धर्म व भारतीय वैदिक संस्कृति पल्लवित व पोषित होती है।साथ ही वैदिक मंत्रोच्चार से हमारा तन-मन तथा यज्ञ से वायुमंडल पवित्र होता है। इसीलिए ऐसे अनुष्ठान प्रायः होते रहने चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आचार्य मृदुलकांत शास्त्री, आचार्य जगदीश चन्द्र शास्त्री, डॉ. राधाकांत शर्मा, डॉ. आर. जी. अग्रवाल, महेन्द्र कुमार धानुका, मनीष धानुका, राहुल धानुका, प्रमुख समाजसेवी विजय रिणवां आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।महोत्सव का समापन सन्त, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ।

# ट्रैफिक पुलिस की सक्रियता से दो बर्ष पूर्व चोरी गई बाइक धराई



असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** ट्रैफिक पुलिस की तत्परता से 2025 में शोहरतगढ़ से चोरी की मोटरसाइकिल रविवार को बरामद हुई। चोरी की स्प्लेण्डर मोटर साइकिल के साथ ट्रैफिक पुलिस ने एक युवक को भी पकड़ा गया। आपको बता दें कि 12 दिसम्बर 2025 में शोहरतगढ़ थाने पर मोटर साइकिल की शोहरतगढ़ के डोहरिया बुजुर्ग निवासी कृष्ण ने गाड़ी चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं ट्रैफिक पुलिस द्वारा गाड़ी पर अंकित नम्बर एवं पेपर में अंकित नम्बर अलग मिला। वहीं चेकिंग के दौरान पकड़े गये युवक भी खुद को शोहरतगढ़ का निवासी बता रहा है। वहीं पुलिस की पूछताछ जारी है। रविवार को मुख्यालय के महंगा मार्ग पर ट्रैफिक पुलिस प्रद्युम्न शर्मा व अजय कुमार राव द्वारा गाड़ी की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरा एक स्प्लेण्डर बाइक सवार युवक उस मार्ग से जा रहा था। ट्रैफिक पुलिस द्वारा उससे पूछताछ में युवक के हाव-भाव से शक हुआ, उनके द्वारा बाइक का पेपर चेक किया गया तो दोनों के नम्बर में अन्तर मिला।

# आगरा पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था: त्योहारों के मद्देनजर मंटोला पुलिस का पैदल गश्त





मयूर खान

**आगरा(वेलकम इंडिया)।**आगरा में डीसीपी सिटी सैय्यद अली अब्बास के निर्देशन में मंटोला पुलिस टीम ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पैदल गश्त की। इस दौरान सराफी बाजार, प्रमुख चौराहों और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग भी की।# इस कार्रवाई से लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है और त्योहारों के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस की तैयारियों का पता चलता है। मंटोला पुलिस की यह पहल शहर के लोगों के लिए एक संदेश है कि उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा तत्पर है। पुलिस की इस कार्रवाई से शहर में अपराध पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी और लोगों को अपने त्योहारों को शांति और खुशी से मनाने का अवसर मिलेगा। आगरा पुलिस की यह पहल निश्चित रूप से सराहनीय है और शहर के लोगों के लिए एक अच्छा संदेश है।

# अत्यंत चमत्कारी व भगवदप्राप्त संत थे रामदास महाराज : महंत वैष्णव दास महाराज

डॉ. गोपाल चतुर्वेदी



**वृन्दावन(वेलकम इंडिया)।** कैलाश नगर रोड़-मारूति नगर क्षेत्र स्थित शांति बिहारी आश्रम में वैष्णव सेवा ट्रस्ट(रजि.) के तत्वावधान में अनन्तश्री विभूषित पटिया वाले बाबा और संत राम दास महाराज का वार्षिक सियपिय मिलन महोत्सव श्रीमहंत वैष्णवदास महाराज के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ।

जिसके अंतर्गत श्रीराम चरित मानस पाठ,अखंड श्रीहनुमान चालीसा पाठ, श्रीहरिनाम संकीर्तन,अखंड चौबीस चौपाई पाठ, महंतों का सम्मान एवं संत,ब्रजवासी, वैष्णव सेवा ( वृहद भंडारा) आदि के कार्यक्रम भी सम्पन्न हुए।

इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वान सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए शांति बिहारी आश्रम के संस्थापक श्रीमहंत वैष्णवदास महाराज एवं प्रख्यात भागवत प्रवक्ता आचार्य राम शास्त्री ने कहा कि हमारे सदगुरुदेव बाबा राम दास महाराज अत्यंत चमत्कारी व भगवदप्राप्त संत थे। उन्होंने अपनी साधना व तपोबल से असंख्य दीन-दुखियों का कल्याण कर उन्हें प्रभु भक्ति के मार्ग से जोड़ा।

श्रीरंगलक्ष्मी संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. रामसुदर्शन मिश्र एवं प्रख्यात धमार्चार्य अनुराग कृष्ण पाठक ने कहा कि सन्त प्रवर बाबा रामदास महाराज धर्म व अध्यात्म जगत की बहुमूल्य निधि थे। उनके रोम-रोम में संतत्व विद्यमान था। संत सेवा, विप्र सेवा,गौ सेवा एवं निर्धन-निराश्रित व्यक्तियों की सेवा उनके जीवन का अभिन्न अंग था।

गोरेदाऊजी आश्रम के महंत प्र'ाद महाराज एवं कलाधारी बगीची आश्रम के महंत जयराम दास महाराज ने कहा कि संत प्रवर बाबा राम दास महाराज संत समाज के गौरव थे।

वे अत्यंत सहज, सरल, उदार व परोपकारी थे। महाराजश्री नर सेवा को ही नारायण सेवा मानते थे।वे बिना किसी की सहायता के स्वयं ही निश्वार्थ भाव से मानवता की सेवा के लिए समर्पित थे। प्रख्यात साहित्यकार 'यूपी रत्न' डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं पण्डित आर.एन.द्विवेदी (राजू भैया) ने कहा कि पूज्य बाबा रामदास महाराज निस्पृह एवं समन्वयवादी संत थे। वे सभी सम्प्रदाय के संतों का आदर करते थे,परंतु स्वयं इसकी चाह नहीं रखते थे।

उन जैसी पुण्यात्माओं से ही पृथ्वी पर धर्म व अध्यात्म का अस्तित्व है। श्रीशुकाचार्य पीठाधीश्वर डॉ. रमेश चंद्राचार्य विधिशास्त्री महाराज एवं आचार्य आनन्द वल्लभ गोस्वामी ने कहा कि संत शिरोमणि बाबा राम दास महाराज ने सनातन धर्म व प्रभु भक्ति की लहर को समूचे देश में प्रवाहित कर असंख्य व्यक्तियों का कल्याण किया।

ऐसे दिव्य संतों को बारंबार प्रणाम करते हैं।साथ ही प्रभु से यह मंगल कामना करते हैं कि उन जैसे संतों का सानिध्य सनातन धर्मावलंबियों को प्राप्त होता रहे।

# असफलता से सीखकर आगे बढ़ना और अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहना महत्वपूर्ण है- मोहम्मद अहमद

## हर दिन कुछ नया सीखें और खुद को बेहतर बनाने का प्रयास करें- मुहम्मद असद खान एडवोकेट

वेलकम इंडिया संवाददाता




**संतकबीरनगर।** सोमवार को एमआईएचएस स्कूल बाघनगर में वार्षिकोत्सव एवं कंप्यूटर लैब का उद्घाटन का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। विकास खंड सेमरियावां के एमआईएचएस स्कूल बाघनगर में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सपा के वरिष्ठ नेता व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद अहमद ने कहा कि सफलता की चाबी, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प में है।' 'सपनों को पाने की चाहत, मेहनत को अपना साथी बना लेती है।' 'हर सुबह एक नया अवसर है, बस खुद पर विश्वास रखो।' 'हार मानने से पहले, एक बार और प्रयास करने की सोचो।' समय सबसे बड़ा शिक्षक है। - हर अनुभव कुछ सिखाता है। 'बड़ा सोचो, बड़ा करो। - सफलता विचार से शुरू होता है। 'गलतियाँ वही करते हैं जो कुछ करने की कोशिश करते हैं।' - असफलता भी सीखें। ₹दूसरों के लिए वही करो जो तुम चाहते हो।' - यही सच्चा मानवतावादी है। सफलता के लिए सबसे अच्छी प्रेरणा स्पष्ट लक्ष्य, कड़ी मेहनत, आत्म-विश्वास और निरंतर प्रयास का मिश्रण है, जिसमें अपनी गलतियों से सीखना, नई चीजें सीखना और एक सकारात्मक मानसिकता बनाए रखना शामिल है; यह सब आपको अपने सपनों को हकीकत में बदलने की शक्ति देता है. कुछ लोग पैसे से प्रेरित होते हैं, तो कुछ नेक कामों से, लेकिन जो भी हो, उसे अपनी राह का हिस्सा बनाना जरूरी है, और सफलता अक्सर उन्हें मिलती है जो इसे पाने में व्यस्त रहते हैं। एडवोकेट मोहम्मद असद खान ने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत, सकारात्मक सोच, आत्म-अनुशासन, निरंतर सीखना, और धैर्य जैसे गुणों का विकास करना जरूरी है, साथ ही असफलता से सीखकर आगे बढ़ना और अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहना महत्वपूर्ण है, जिससे आप अपने जीवन को संतुलित रखते हुए सफलता की ओर बढ़ सकते हैं। आप क्या हासिल करना चाहते हैं और उसे पाने के लिए अपना एक लक्ष्य बनाएं, अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित रहें और उसे पूरा करने के लिए ईमानदारी से काम करें। टालमटोल से बचें, ध्यान भटकाने वाली चीजों से दूर रहें और लगातार प्रयास करें, हमेशा आशावादी रहें, अपनी क्षमताओं पर विश्वास करें और नकारात्मकता से बचें। एडवोकेट रिजवान अहमद ने कहा कि हर दिन कुछ नया सीखें और खुद को बेहतर बनाने का प्रयास करें, असफलताओं से घबराएं नहीं, बल्कि उनसे सीखें और उन्हें सुधार के अवसर के रूप में देखें, अपनी दिनचर्या बनाएं और उसका पालन करें, समय का सदुपयोग करें, अपने मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का ध्यान रखें; पर्याप्त नींद लें, अच्छा खाएं और व्यायाम करें, विनम्र रहें, दूसरों से सीखने के लिए तैयार रहें और प्रभावी ढंग से संवाद करना सीखें। समारोह में विद्यार्थियों ने विधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिए। समारोह के बाद कंप्यूटर लैब का भी उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुहम्मद अहमद जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, एडवोकेट रिजवान अहमद सुप्रीम कोर्ट, प्रबंधक मोहम्मद अदनान, गुफरान दुर्रानी निदेशक, शब्बीर अहमद, हारुन साहिल, मसूद अहमद, बाबुद्दीन सहित विद्यालय स्टाफ सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी जनता की समस्याएं



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** सोमवार को जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर संयुक्त रुप से तहसील खलीलाबाद पर पहुंचकर पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिये गये इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अरुण कुमार सहित राजस्व व पुलिस के अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम का हुआ आयोजन, 35 निपुण बच्चे सम्मानित



असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** खंड विकास अधिकारी कार्यालय सभागार में सोमवार को ह्लहमारा आंगन हमारे बच्चेह्व कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय परसा खुर्द के बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत और सरस्वती वंदना से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामसुरेश चौहान ने निपुण बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी बुनियाद मजबूत करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' जैसे कार्यक्रम शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और बच्चों में आत्मविश्वास विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नवाचारों से ही विद्यालयों का स्तर ऊंचा उठेगा और निपुण भारत मिशन को मजबूती मिलेगी। खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्र ने कहा कि निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्रत्येक बच्चे को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान से सशक्त बनाना हमारा लक्ष्य है। इसके लिए शिक्षकों द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सीखने के स्तर को परखने और उन्हें प्रोत्साहित करने का सशक्त माध्यम हैं। अतिथियों ने शिक्षकों द्वारा लगाए गए विभिन्न शैक्षिक स्टालों का निरीक्षण किया और उनकी सराहना की। पशुपति नाथ दूबे के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में एडीओ पंचायत उमेश पटेल, एआरपी रुपेश सिंह, बालगोविंद पटेल, अमित मणि, नरेंद्र यादव व संगीता श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव, शिवपाल सिंह, सुभाष जायसवाल, रूपेश सिंह, हरिशंकर सिंह, शिवाकांत दूबे, मनोज कुमार, बालमुकुंद चौधरी, आकाश श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति रही।

# जमीनी विवाद में जमकर मारपीट आठ घायल, अस्पताल में भर्ती

संदीप तिवारी

**कछवारोड़(वेलकम इंडिया)।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के ठठरा गांव (तमाचाबाद) में सोमवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष के द्वारा रास्ते में जा रही मां-बेटी की रोककर जमकर पिटाई कर दिया गया। बीच बचाव करने आये अगल-बगल के लोगों से भी मां बेटी की पिटाई करने वाले उलझ गये और जमकर मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्षों से आठ लोग घायल हो गया। जिसमें चार को इलाज हेतु एम्बुलेंस से पुलिस ने जक्खिनी स्थित सीएचसी अस्पताल भेजवाकर भर्ती करवाया। जानकारी के अनुसार सोनी का पड़ोस के जावेद व फिरोज के परिवार से करीब चार महीने से जमीनी विवाद चल रहा है। सोमवार की सुबह सोनी अपनी मां साजदा को लेकर स्कूटी से कही जा रही थी तभी विपक्षीय जावेद, फिरोज व परवेज समेत अन्य लोग रोकर बुरी तरह लात घूसों से मारपीटकर मां-बेटी को घायल कर दिया। बीच बचाव करने जब आसपास लोग पहुंचे किसी तरह मामला शांत हुआ। सोनी की सूचना पर 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंच मां-बेटी को मिजार्मुराद थाने भेज दी। इसी बीच जो लोग बीच बचाव किये थे मनबढ़ जावेद करीब दस लोगों के साथ लाठी-डंडा, बल्लम, रांड लेकर मारने पीटने लगे जिससे सलीम, शाकिब, आशिफ व रमीज सिर में व अन्य जगह चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। वही दूसरे पक्ष से से परवेज, फिरोज घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने गम्भीर रूप से घायल एक पक्ष से सलीम, शाकिब व दूसरे पक्ष से परवेज व फिरोज को इलाज हेतु जक्खिनी सीएचसी भेजकर भर्ती करवाया। ग्रामीणों की माने तो जावेद पूर्व में एक हत्या के मामले में रोहनिया से जेल जा चुका है करीब दो वर्ष बाद झुटकर आया और मनबढ़ है कई दिनों से सोनी व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा था जिसके संबंध में सोनी द्वारा पूर्व में भी वीडियो के साथ प्रार्थना पत्र कछवांरोड चौकी प्रभारी को दिया गया था। लेकिन कोई कार्रवाई न होने के कारण जावेद समेत उसके परिवार का मन बढ़ा हुआ था। गांव में ऐतियात के तौर पर फोर्स तैनात है और अन्य घायलों का मेडिकल मुआयना पुलिस द्वारा करवाया जा रहा है।

# स्वच्छता अभियान एवं मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक




दिनेश नेगी

**गरुड़(वेलकम इंडिया)।** गरुड़ राजकीय महाविद्यालय गरुड़ के राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर जारी है। पंचम दिन स्वयंसेवकों ने प्रातः काल योग प्राणायाम करने के उपरांत प्राथमिक विद्यालय गागरीगोल से दिवेश्वरी मंदिर तक स्वच्छता अभियान एवं मतदाता जागरूकता रैली निकाली। नारे लगाते हुए समस्त शिवरार्थियों ने मन्यूडा ग्राम ,सीर एवं सिमार ग्राम वासियों को स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता के प्रति जागरूक किया। इसके पश्चात सभी शिविरार्थियो ने मंदिर परिसर की सफाई की और स्पर्श गंगा अभियान के तहत गोमती नदी में प्लास्टिक उन्मूलन एवं साफ सफाई कार्य किया। द्वितीय सत्र में महाविद्यालय में बौद्धिक सत्र का आयोजन किया। मुख्य वक्ता उत्तराखंड साहित्य गौरव से सम्मानित कवि मोहन जोशी ने कविता लेखन की जानकारी दी। कहा कि जीवन में स्वाभिमान आत्म सम्मान तथा समाज सेवा के प्रति समर्पण की भावन रखना आवश्यक है। बौद्धिक सत्र की द्वितीय वक्ता प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्यौनाई ,डॉक्टर सिद्धार्थ मंडल ने स्वास्थ्य के संबंध में बताते हुए कहा कि स्वास्थ्य शारीरिक मानसिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक होता है। आज के समय में वही व्यक्ति पूर्णता स्वस्थ है जो इन चारों प्रकार से स्वस्थ हो साथ ही साथ उन्होंने सीपीआर के टिप्स दिए। डॉक्टर शिव प्रकाश राय ने राष्ट्र सेवा को परम धर्म बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डी एन तिवारी ने सभी शिवरार्थियो को स्वहित से ऊपर उठकर राष्ट्रहित की बात सोचने की बात कही तथा भारतीय संस्कृति के अनुरूप यह मेरा, यह दूसरे का है से ऊपर उठकर सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार मानने की सलाह दी। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियो का धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अवधेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन दिव्या विष्ट एवं पूजा साह ने संयुक्त रूप से किया। आज के कार्यक्रम की आख्या कल्पना पांडे ने प्रस्तुत किया।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन दिनांक 24 मार्च 2026 को

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** जिला समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत दिनांक 24 मार्च को पूर्वाह्न 10 :00 बजे से ओम रिजॉर्ट एंड मैरिज लॉन सियरा सांथा, धनघटा रोड, संत कबीर नगर के परिसर में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह के आयोजन में जनपद के सभी 09 विकासखंडों के आवेदकों/जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह के आयोजन को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा सुरक्षा, शांति व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, विवाह मंडप, वीआईपी के स्वागत सत्कार, जलपान की व्यवस्था, स्वास्थ्य एवं एंबुलेंस की व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, वीडियोग्राफी सहित सामूहिक विवाह को सकुशल संपन्न कराने हेतु समस्त आवश्यक तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को प्रभारी नामित करते हुए दिशा–निर्देश दिया गया है।

## मोबाइल स्नैचिंग का खुलासा, हापुड़ पुलिस ने 3 आरोपियों को दबोचा

राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जनपद हापुड़ में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोबाइल छीनने की घटना का सफल अनावरण कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन तथा अवैध चाकू बरामद किया गया है। यह कार्रवाई थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान की गई, जिसमें आरोपियों को दबोच लिया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## किठौर में पुलिस का एक्शन मोड: फरार चल रहे 3 वारंटी चढ़े हत्थे

**मेरठ(वेलकम इंडिया)।** थाना किठौर पुलिस ने सोमवार को एक अहम एक्शन लेते हुए अलग–अलग जगहों से तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी मुल्जिमों को जरूरी कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद अदालत में पेश कर दिया। थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना ने बताया कि पुलिस टीम काफी वक्त से इन फरार वारंटियों की तलाश में लगी हुई थी। इसी दौरान कस्बा शाहजहांपुर के रहने वाले अकरम पुत्र हबीब और अशरफ पुत्र नजीर को गिरफ्तार किया गया। दोनों के खिलाफ मारपीट के मामले में अदालत से वारंट जारी था। इसके अलावा पुलिस ने ग्राम ललियाना निवासी हारून पुत्र मेहरबान को भी दबोच लिया। हारून पर गौकशी का गंभीर आरोप है और इसी मामले में उसके खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी हुआ था। वह काफी अरसे से फरार चल रहा था। थाना प्रभारी ने कहा कि इलाके में कानून–व्यवस्था कायम रखने के लिए इस तरह के अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। फरार और वारंटी मुल्जिमों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें पूरी तरह एक्टिव हैं, ताकि अपराध पर सख्त लगाम लगाई जा सके।

# निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म शिविर का आयोजन







संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** जन स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 'खुला आसमान संस्था' एवं 'राजेश्वर आयुर्वेद एवं पंचकर्म क्लिनिक' के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म शिविर का आयोजन किया जा रहा है इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। शिविर में प्रतिष्ठित एवं अनुभवी वैद्यों की टीम द्वारा नाड़ी परीक्षण, जटिल एवं दीर्घकालिक रोगों का परामर्श तथा निशुल्क औषधि वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही पंचकर्म उपचार पद्धति की विस्तृत जानकारी भी आमजन को प्रदान की जाएगी जिससे लोग प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति जागरूक हो सकें। इस शिविर में विशेषज्ञ दल के रूप में वैद्य गंगेश्वर कुमार त्रिपाठी, वैद्या सुप्रिया सिंह, वैद्य रणवीर कुमार मुखी एवं उनकी टीम अपनी सेवाएं देंगे। आयोजकों के अनुसार इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुलभ और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना है।

# जिला प्रदर्शनी में हरियाणवी सिंगर के गानों पर झूमे दर्शक

वेलकम इंडिया संवाददाता





**बुलंदशहर।** जिला प्रदर्शनी में रविवार की देर रात हरियाणवी गायकों अमन जाजी और शिवा चौधरी ने प्रस्तुति दी। उनके गानों पर बड़ी संख्या में दर्शक झूमते नजर आए। युवाओं में हरियाणवी संगीत के प्रति खासा उत्साह देखा गया। इस आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही। दुनिया भर में हरियाणवी गायकी के लिए पहचाने जाने वाले अमन जाजी और शिवा चौधरी रविवार को बुलंदशहर पहुंचे थे। शिवा चौधरी 'जेठ मेरा से थानेदार जी के गांव' और 'बिचारे चौकी से' जैसे गीतों के लिए जाने जाते हैं, जबकि अमन जाजी को 'जी लागे से बाब्या मैं' गीत से प्रसिद्धि मिली है। प्रदर्शनी में प्रस्तुति से पहले उन्होंने युवाओं को मेहनत पर भरोसा रखने और ऐसा कोई काम न करने की सलाह दी जिससे परिवार को शर्मिंदा होना ना पड़े।

# उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे सरकार की उपलब्धिया बताई

वेलकम इंडिया संवाददाता



**नूरपुर(वेलकम इंडिया)।** विकास खण्ड नूरपुर के शहीद रिक्खी सिहं परवीन सिहं सभागार में संकल्प से सिद्धि सुरक्षा-सुशासन समृद्धि उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर विधान सभा-24 नूरपुर के नवनिर्माण के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अशोक कुमार कटारिया सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश (पूर्व परिवहन मंत्री (उ०प्र०), विशिष्ट अतिथि भूपेन्द्र सिंह चौहान भाजपा जिलाध्यक्ष बिजनौर व आकांक्षा चौहान ब्लॉक प्रमुख नूरपुर के द्वारा माँ सरस्वती के फोटो के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। आकांक्षा चौहान ब्लॉक प्रमुख के द्वारा मुख्य अतिथि अशोक कुमार कटारिया सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश अभिनन्दन पत्र के साथ माँ दुर्गा की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया गया। तथा विशिष्ट अतिथि भूपेन्द्र सिंह चौहान का अभिनन्दन पत्र के साथ पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उज्ज्वल चौहान ब्लॉक प्रमुख स्योहारा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। डॉ दिनेश पाल शर्मा खण्ड विकास अधिकारी ने आकांक्षा चौहान ब्लॉक प्रमुख का शॉल भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम में आकांक्षा चौहान ने विधान सभा नूरपुर में उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे सरकार की उपलब्धिओं को अपने सम्बोधन में बताया उनके द्वारा बताया गया कि विधान सभा नूरपुर में गत 9 वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत कुल 1107 परिवारों को आवास का लाभ दिया गया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सर्वे 2024 के अन्तर्गत 3180 नये आवास के लाभार्थियों का चयन किया गया।

मुख्यमंत्री आवास के अन्तर्गत 312 परिवारों को मुख्यमंत्री आवास का लाभ दिलाया गया। मनरेगा योजना में विधान सभा के 91156 परिवारों को रोजगार मुहैया कराया गया, 34 आँगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण 48 पंचायत भवन, 23 मॉडल पीडीएस शॉप, 6 अस्थाई गोआश्रय स्थल ग्राम पंचायतों के सुदृढ़ीकरण हेतु नाली, खडन्जा, सी सी रोड इण्टरलॉकिग बनवाने का कार्य किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने 23 मार्च को शहीद हुए भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू को याद करते हुए नारे लगाते हुए नमन किया तथा उन्होने अपने सम्बोधन में गत 9 वर्षों के उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से बताया तथा अन्य देशों में हो रहे युद्ध के बारे में बताते हुए कहा कि भारत में सभी धर्मों के लोग एक साथ सभी त्योहारों को मोदी जी व योगी जी के नेतृत्व में खुशी से मना रहे है तथा अन्य देशों को भी भारतीय सभ्यता पर आना होगा।

योगी जी की सरकार ने गत 9 वर्षों में सड़को का जाल फैलाते हुए पूर्वांचल, गंगा, बुन्देलखण्ड, लिकं एक्सप्रेस वे बनावाने का कार्य किया है साथ ही रोजगार के अवसर सृजित करते हुए बेरोजगारों को रोजगार देने का कार्य तथा महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य योगी सरकार ने किया है। उत्तर प्रदेश का चहुँमुखी विकास योगी सरकार के कारण ही संभव हो पाया है। कार्यक्रम का कुशल संचालन सलीम अहमद एडीओ ग्राम विकास ने करते हुए एनआरएलएम विभाग की जानकारी प्रदान की। तथा अन्य विभागों के अधिकारियों ने अपने विभागों की गत 9 वर्षों के कार्यों की जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के अवसर पर निशांत कर्णवाल नगर अध्यक्ष नूरपुर, धर्मेन्द्र सैनी मण्डल अध्यक्ष मोरना, खजान सिंह मण्डल अध्यक्ष सहसपुर, जुगनु चौधरी आदि भाजपा कार्यकर्ता व गणमान्य व्यक्ति, करूणा चौहान सहायक विकास अधिकारी पंचायत, सतीश कुमार सीडीपीओ, डॉ विनय पशुपालन विभाग, डॉ अजय गन्धर्व, नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

# घुंघरावली में हुई महिला की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

## प्रेमी ने ही रची थी हत्या की साजिश, बीयर पीकर बनाया था हत्या का प्लान

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**बुगरासी।** 8 दिन पहले घुंघरावली के जंगल में पप्पू चौहान के खेतों में मिली गर्दन कटी महिला की हत्या का नरसैना पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। बताते चलें कि 15 मार्च को घुघरावली रजवाहे पर एक महिला की लाश मिली थी जिसकी हत्या उसके ही प्रेमी अमन निवासी सुलैला ने अपने एक दोस्त विकास निवासी गजरौला जिला अमरोहा के साथ मिलकर निर्मम हत्या की थी।

जानकारी के अनुसार मृतका बबली कल्याणपुरी जेजे कॉलोनी दिल्ली की रहने वाली थी। जिले बुलंदशहर के थाना नरसेना की रिपोर्टिंग चौकी बुगरासी के गांव सुलैला निवासी जो दिल्ली में ही रहता से प्रेम चल रहा था ने अपने जिला अमरोहा के कस्बे गजरोला निवासी दोस्त के साथ मिलकर घुघरावली के जंगल में ले जाकर गर्दन काटकर निर्मम हत्या कर दी थी। एसओ नरसेना रामकिशोर गौतम ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चेकिंग अभियान चलाकर गेसूपुर रजवाहे के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी के साथ ही उस हत्याकांड का राज खुल गया है जिसने इलाके में सनसनी फैला दी थी। 15 मार्च को घुघरावली रजवाहे पर एक अज्ञात महिला का शव मिला था। तफ्तीश में पता चला कि यह हत्या अवैध प्रेम संबंधों के चलते की गई थी। मुख्य आरोपी प्रेमी अमन अपनी प्रेमिका से पीछा छुड़ाना चाहता था, जिसके लिए उसने एक सोची-समझी साजिश रची।

हत्या को अंजाम देने से पहले आरोपियों ने बीयर पीकर पूरी प्लानिंग तैयार की और फिर अपने दो साथियों के साथ मिलकर बलकटी (धारदार हथियार) से हमला कर महिला को बेरहमी से गर्दन काटकर मार डाला। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई बलकटी और वारदात में प्रयुक्त बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई शुरू कर जेल भेज दिया गया है। इस खुलासे ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि अपराधी चाहे कितनी भी शातिर क्यों ना हो कानून से नहीं बच सकता है। कानून के शिकंजे में आ ही जाता है। क्षेत्र में थाना प्रभारी नरसेना रामकिशोर गौतम की भूरि भूरि प्रशंसा कर रहे हैं और कहा है कि पुलिस वाला हो तो ऐसा।

# डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया



**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**बुलंदशहर।** सोमवार को जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में 28 फरियादियों द्वारा अपनी समस्याओं के प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर मौके पर 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता से करने के निर्देश दिए गए। एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर दिनेश चंद्र, सीओ प्रखर पांडेय सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जेवर एयरपोर्ट उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर ककोड़ मंडल में बैठक आयोजित



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**ककोड़।** आगामी 28 मार्च 2026 को प्रस्तावित जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से ककोड़ मंडल क्षेत्र के अलीपुरा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों, जनसंपर्क अभियान तथा कार्यकताओं की जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाना प्रस्तावित है, जिसे लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। बैठक में कार्यकताओं से आह्वान किया गया कि इस ऐतिहासिक अवसर को भव्य एवं सफल बनाने के लिए सभी लोग पूर्ण समर्पण और सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। साथ ही बताया गया कि जेवर एयरपोर्ट से क्षेत्र में विकास को नई गति मिलेगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा निवेश की संभावनाएं मजबूत होंगी, जिससे उत्तर प्रदेश की प्रगति को बल मिलेगा।

# ग्राम रमपुरा में अवैध कॉलोनियों पर चला बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण का बुलडोजर, निर्माण सील





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण और अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में विकास क्षेत्र के ग्राम रमपुरा में कई अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण और सीलिंग की कार्रवाई की गई। प्राधिकरण की टीम ने रतन वर्मा द्वारा ग्राम रमपुरा में प्रधानमंत्री आवास योजना (PMA) भवनों से पहले बायीं ओर लगभग 5 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया। इसके अलावा धर्म लोधी द्वारा लगभग 3 बीघा तथा हरीश कुमार लोधी द्वारा लगभग 10 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को भी ध्वस्त किया गया। वहीं संदीप बराल द्वारा ग्राम रमपुरा में पीएमएवाई भवनों को जाने वाले रास्ते पर बायीं ओर लगभग 1200 वर्गमीटर क्षेत्र में किए जा रहे अवैध निर्माण को भी प्राधिकरण की टीम ने सील कर दिया। यह कार्रवाई स्थानीय पुलिस बल, होमगार्ड्स तथा बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण की टीम द्वारा सक्षम प्राधिकारी के निर्देशन में सहायक अभियंता, अवर अभियंता एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति में की गई। प्राधिकरण की उपाध्यक्ष डॉ. अंकुर लाठर के कुशल मार्गदर्शन में ध्वस्तीकरण एवं सीलिंग अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि बिना मानचित्र स्वीकृति के किसी भी प्रकार का निर्माण या विकास कार्य न करें और किसी भी अवैध कॉलोनी में भूखंड का क्रय-विक्रय न करें।

प्राधिकरण के अनुसार स्वीकृत कॉलोनियों की सूची प्राधिकरण की वेबसाइटwww.bkdaup.com पर उपलब्ध है। सूची में अंकित कॉलोनियों के अतिरिक्त सभी कॉलोनियां अनाधिकृत मानी जाएंगी। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 8191978666 पर संपर्क किया जा सकता है।

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ शातिर अभियुक्त गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**शिकारपुर।** थाना सलेमपुर पुलिस ने एक शातिर अभियुक्त को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस को मिली सूचना के आधार पर थाना सलेमपुर पुलिस ने ग्राम लक्ष्मणगढ़ी के पास से अभियुक्त मुम्तयाज पुत्र असगर अली निवासी ग्राम चिट्टा उर्फ चिरचिटा को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस संबंध में थाना सलेमपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 54/2026 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

# टेंपो में टैक्टर ने पीछे से मारी टक्कर तीन लोग घायल





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**रामघाट(बुलंदशहर)।** मां बेलौन भवानी के दर्शन करने आए टेंपो सवार लोगों में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे टेंपो सवार तीन महिला पुरुष घायल हो गए जिनको नजदीक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है आपको बता दें अलीगढ़ से टेंपो में सवार होकर माता रानी के दर्शन करने आए थे नवीपुर खेड़िया गांव पर ट्रैक्टर ने पीछे से टेंपो में टक्कर मार दी जिससे टेंपो दस फीट गहरी एक खाई में जा गिरा जिससे टेंपो में सवार गांव नगला अलीगढ़ निवासी विनित पुत्र सत्य प्रकाश मां अखिलेश देवी भाभी प्रीति गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको नजदीक अस्पताल भर्ती कराया गया है।



# मिशन शक्ति 5.2 के तहत कपसेठी पुलिस का जागरूकता अभियान, महिलाओं को किया सशक्त



**संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** मिशन शक्ति 5.2 के अंतर्गत थाना कपसेठी कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी महिला उपनिरीक्षक मेघा सोलंकी द्वारा कालिकाधाम मंदिर परिसर में महिलाओं को विभिन्न सुरक्षा उपायों एवं सरकारी सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को थाने पर स्थापित नवीन मिशन शक्ति केंद्र के उद्देश्य एवं कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया साथ ही आपातकालीन एवं सहायता हेतु जारी हेल्पलाइन नंबर 1090 (महिला हेल्पलाइन),1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1076 (सीएम हेल्पलाइन),112 (आपातकालीन सेवा), 108 (एम्बुलेंस सेवा) एवं 181 (महिला सहायता हेल्पलाइन) के उपयोग के बारे में भी विस्तार से बताया गया। म0उ0नि मेघा सोलंकी ने महिलाओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में बिना झिझक इन हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें तथा पुलिस प्रशासन से संपर्क कर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# दलित युवक पर गैर समुदाय की किशोरी सहित भागने का आरोप

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**जहांगीराबाद।** नगर निवासी एक दलित युवक द्वारा गैर समुदाय की एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक नगरपालिका के पूर्व सभासद का पुत्र बताया जा रहा है। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। वहीं पीड़ित परिजनों को आरोपी युवक के परिजनों ने एससीएसटी के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी है। पीड़ित परिवार ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और किशोरी की सकुशल बरामदगी की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मौहल्ला न्यू पाठक, आहार रोड निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर में बताया है कि 21 मार्च को ईद के दिन उसकी 15 वर्षीय पुत्री दोपहर लगभग 12 बजे ईद का सामान लेने बाजार गई थी, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने लड़की की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित परिवार का आरोप है कि उनकी नाबालिग पुत्री को मौहल्ला जटियान निवासी एक पूर्व सभासद का पुत्र अपने साथियों के साथ बहला-फुसलाकर ले गया है। परिजनों ने किशोरी के साथ किसी अप्रिय घटना की आशंका भी जताई है। आरोपी युवक कुछ समय पूर्व नगर में ही हुक्का बार चलाता था। घटना के बाद से परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ है। इतना ही नहीं, पीड़ित परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया है कि नामजद आरोपी पक्ष के लोग मामले में कोई जानकारी देने से बच रहे हैं और उल्टा शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं।

# पीआईबी वाराणसी का ओडिशा मीडिया टूर शुरू, भुवनेश्वर पहुँचा प्रतिनिधिमंडल

**संतोष कुमार सिंह**




**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) वाराणसी द्वारा यूपी के मीडिया प्रतिनिधियों का ओडिशा राज्य का छह दिवसीय मीडिया टूर आयोजित किया गया है इसके तहत सोमवार को टीम के सदस्य वाराणसी एयरपोर्ट से भुवनेश्वर के लिए रवाना हो गए। बता दें कि 23 से 28 मार्च तक निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को मीडिया प्रतिनिधियों के समूह भ्रमण का औपचारिक शुभारंभ किये। पीआईबी वाराणसी के मीडिया एवं संचार अधिकारी प्रशांत कक्कड़ ने बताया कि मीडिया टूर का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, प्रमुख योजनाओं, आधारभूत संरचना विकास से जुड़े कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से मीडिया के समक्ष प्रस्तुत करना है। ताकि इन उपलब्धियों का व्यापक प्रसार जनसामान्य तक सुनिश्चित किया जा सके। बताया कि प्रतिनिधिमंडल में उत्तर प्रदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों के संपादक व संवाददाता शामिल हैं। भ्रमण के दौरान मीडिया प्रतिनिधि ओडिशा में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, आधारभूत संरचना विकास कार्यों सहित अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं का स्थलीय अवलोकन करेंगे। साथ ही ओडिशा की समृद्ध व विविधतापूर्ण सांस्कृतिक विरासत से भी परिचित कराया जाएगा जिससे उन्हें राज्य की सामाजिक व सांस्कृतिक विशेषताओं की गहन समझ प्राप्त हो सके।

# पिता की मौत की खबर सुनकर नाबालिग बेटी की सदमे से मौत,





लक्ष्मी नारायण
मृतक पिता



ममता रावल
मृतक बेटी

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**रामघाट(बुलंदशहर)।** बाइक द्वारा नाइट ड्यूटी पर जा रहे पूर्व प्रधान पति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जिसकी सूचना जैसे ही परिवार को मिली तो पिता की मौत की सूचना पर मृतक की नाबालिग बेटी गहरे सदमे के चलते मौत की नींद सो गई। जिसके चलते समूचे परिवार में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डिबाई तहसील क्षेत्र के गांव रामघाट निवासी लक्ष्मी नारायण रावल 55 वर्ष रोजमर्रा की तरह थाना क्षेत्र डिबाई के एक इंटर कॉलेज में अपनी चौकीदारी की ड्यूटी करने के लिए रात्रि में अपने घर से निकले थे।

जहां से अपने गंतव्य पर पहुंचने के दौरान नरौरा बैलोंन एनएच 509 स्थित टोल प्लाजा के निकट आवारा घूमते गोवंश से बाइक टकरा गई। जिसके चलते लक्ष्मी नारायण को घायल अवस्था में निकटवर्ती नरौरा अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान घायल लक्ष्मी नारायण ने दम तोड़ दिया। और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। जिसकी सूचना जैसे ही मृतक के परिजनों को मिली तो अपने पिता की मौत की खबर सुनते ही मृतक लक्ष्मी नारायण की लगभग 17 वर्षीया बेटी ममता सदमे में आ गई और बेहोश हो गई। जिसको उपचार के लिए पहले निकटवर्ती फिर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डिबाई पर लाया गया जहां ममता रावल को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अब इसे विडंबना कहें या पिता के प्रति पुत्री का प्रेम कि अपने पिता को खो देने की सूचना ने मासूम के दिल की धड़कन को रोक दिया। बताते चलें कि मृतक लक्ष्मी नारायण रावल रामघाट की पूर्व प्रधान के पति हैं जिसके चलते लक्ष्मी नारायण के संबंधित कॉलेज का स्टाफ तथा ग्रामीण भारी संख्या में शोक व्यक्त करने पहुंच रहे हैं। विदित हो कि मृतक लक्ष्मी नारायण की पत्नी कृष्णा देवी वर्ष 2005 से 2015 तक रामघाट की प्रधान रही हैं जबकि मृतका ममता अपने 6 बहन भाइयों में चौथे नंबर की बेटी है। सोमवार को गमगीन माहौल में पिता पुत्री का गंगा के श्मशान घाट पर किया गया अंतिम संस्कार।

# मोदीनगर क्षेत्र में हिण्डन नदी पर 21.40 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा नया पुल

## मोदीनगर से बागपत के बीच आवागमन होगा आसान

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में 21.40 करोड़ रुपये की लागत से हिण्डन नदी पर नया पुल बनाया जाएगा । हिंडन नदी पर पुल के बन जाने से मोदीनगर से बागपत के बीच आवागमन आसान हो जाएगा। रालोद के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने बताया कि सांसद डॉ राजकुमार सांगवान के प्रयासों से प्रदेश सरकार ने मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में हिण्डन नदी पर सेतु, पहुंच मार्ग और सुरक्षात्मक कार्यों के लिए 21.40 करोड़ रुपये की परियोजना को वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रथम आवंटन में 749.12 लाख रुपए की धनराशि की स्वीकृति की गई है। मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में मतौर-डोलचा सीमा पर हिण्डन नदी पर इस सेतु पुल के बन जाने से क्षेत्र के दर्जनों गांवों के हजारों ग्रामीणों को आवागमन में हो रही दशकों पुरानी समस्या से निजात मिलेगी। रालोद के जिला अध्यक्ष ने बताया कि सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने जनता की इस मांग को शासन के समक्ष मजबूती से रखा और निरंतर पैरवी की। उनके अथक प्रयासों से इस कार्य को हरी झंडी मिली है। संसद ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और लोक निर्माण विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सेतु न केवल दो क्षेत्रों को जोड़ेगा बल्कि स्थानीय युवाओं, किसानों और व्यापारियों के लिए प्रगति के नए मार्ग भी खोलेगा। इसके बनने से मोदीनगर से बागपत के बीच आवागमन बेहद आसान होगा। विकास की इस बड़ी उपलब्धि पर क्षेत्र के कार्यकताओं और आमजन में भारी उत्साह है। शासन ने इस परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु प्रथम आवंटन हेतु 749.12 लाख रुपए की स्वीकृति दी है, परियोजना की कुल लागत 21.40 करोड़ रुपए है।

# चेयरमैन खेल महोत्सव में उत्तरांचल को हराकर उत्तर प्रदेश बना वॉलीबॉल चैंपियन




**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित चेयरमैन खेल महोत्सव दो दिवसीय इंटर स्टेट वॉलीबॉल चैंपियनशिप का समापन हुआ।

जिसमें उत्तर प्रदेश ने उत्तरांचल को 25-23 20 -25 25 _22 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि एशिया गोल्ड मेडलिस्ट हॉकी टीम की कप्तान सुरजीत कौर वर्ल्ड कप विजेता टीम की कोच मुन्नी चौधरी व खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के चेयरमेन एम एस त्यागी द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार व नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष रामाआसरे शर्मा कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष कृष्ण वीर निवाड़ी नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल त्यागी, जिला पंचायत सदस्य बबली गुर्जर, अर्जुन ढिढाला आशीष त्यागी, प्रधानाचार्य डॉक्टर अरूण त्यागी आदि गणमान्य लोगों की गरिमामय उपस्थिति में प्रतियोगिता का समापन हुआ।

# गीतों भरी एक शाम - 'राष्ट्र भक्तों के नाम' सफलतापूर्वक सम्पन्न



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** आर्य समाज गोविंदपुरी (मोदीनगर) द्वारा भारत माता को विदेशी साम्राज्यवाद से मुक्त कराने हेतु सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान क्रांतिकारियों के शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम 'गीतों भरी एक शाम - राष्ट्र भक्तों के नाम' बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस भावपूर्ण संध्या में राष्ट्र-भक्ति से ओत-प्रोत गीत, भजन, देशभक्ति गान एवं काव्य-पाठ के माध्यम से शहीदों के अदम्य साहस एवं बलिदान को याद किया गया। परिवार सहित सैकड़ों राष्ट्र-प्रेमी नागरिकों ने कार्यक्रम में भाग लिया और राष्ट्र-भक्ति की भावना को और सशक्त किया। कार्यक्रम में पधारे सुप्रसिद्ध भजन उपदेशक कुलदीप आर्य जी ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत गीतों के द्वारा सभी लोगों का मन मोह लिया गुरुग्राम से पधारे राष्ट्र कवि सारस्वत मोहन मनीषी ने अपनी राष्ट्रभक्ति की कविता से खूब तालियां बटोरी और लोगों के दिलों में राष्ट्र प्रेम का संचार भर दिया, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध कथावाचक अरविंद भाई ओझा ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष कृष्ण वीर, डॉ पवन सिंघल, समाजसेवी डॉ मुकेश गर्ग रहे, विशिष्ट अतिथि पंजाबी संगठन के अध्यक्ष अजय ग्रोवर, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोविंदपुरी के प्रधान बलविंदर सिंह अरोड़ा एवं पतंजलि वैलनेस सेंटर मोदीनगर के सेवा प्रमुख स्वामी आरोग्य देव जी रहे।

# प्रत्येक व्यक्ति को हर बूंद की अहमियत समझनी होगी: डॉ एस सी अग्रवाल

**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** डॉ के एन मोदी कॉलेज में विश्व जल दिवस मनाया गया। डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद में विश्व जल दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में शिक्षक व शिक्षिकाओं और स्काउट अन्य छात्रों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रधानाचार्य ने सभी से जल के जल के संरक्षण के लिए प्रेरित किया जल है तो कल है, जल ही जीवन है ,जल अमूल्य है।



हमें आने वाली पीढ़ी के लिए जल की उपलब्धता सुरक्षित करनी होगी, आदि इन बातों पर गहन मंथन किया बाद में सभी ने जल को संरक्षण करने के लिए संकल्प लिया और यह शपथ ली कि हम स्वयं और दूसरों को जल की बबादी होने से रोकेंगे। ना हम जल को स्वयं बर्बाद करेंगे ना करने देंगे। आज हम देखते हैं जल का स्तर निरंतर गिरता जा रहा है देश के विभिन्न हिस्सों में जल की बहुत कमी है यह सौभाग्य की बात है कि हम ऐसे क्षेत्र में रहते हैं जहां हमें जल निरंतर सहज उपलब्ध हो रहा है हमारे देश में ऐसे कई क्षेत्र हैं ऐसे कई इलाके हैं। जहां पर जल की उपलब्धता निरंतर कम होती जा रही है।

वर्ष 2018 में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान में उत्पन्न भीषण जल संकट ने विश्व को चैट आया था कि यदि समय रहते जल प्रबंधन नहीं सुधर गया तो अनेक शहर शून्य जल स्तर की स्थिति तक पहुंच सकते हैं वास्तव में अनियोजित शहरीकरण ,जल स्रोतों का अतिक्रमण और भूजल का अंधाधुंध दोहन इस संकट के प्रमुख कारण हैं ।

हमारे पूर्वज जल संरक्षण की पारंपरिक प्रणालियों तालाब कुएं, और वर्षा जल संचयन पर निर्भर थे और आवश्यकता अनुसार ही जल का उपयोग करते थे इसके विपरीत आज सबमर्सिबल पंप और आधुनिक सुविधाओं ने जल के दुरुपयोग को बढ़ावा दिया है जब तक आम नागरिक जल के प्रति जागरूक नहीं होंगे तब तक स्थिति में कोई सुधार संभव नहीं है हम सबको जल का विवेकपूर्ण उपयोग अपनाना होगा।

जहां भी हम जल को बर्बाद होते देखे वहां पर अपने प्रयासों के द्वारा उसे रोकने की कोशिश करें ऐसा संकल्प सभी ने लिया। हमारे विद्यालय में प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस पर जल की बबार्दी रोकने के लिए संकल्प लेते हैं और समाज को जागरुक करते हैं।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक हरिओम त्यागी सुनील कुमार ,हरेंद्र सिंह, श्री मलिक सुनीता गर्ग ,प्रियंका रानी ,रीना शर्मा ,कुमारी आसना कुमारी प्रीति शर्मा,कुसरिया ,प्रधान लिपिक सतीश कुमार ,इरशाद अहमद तरुण कुमार आदि उपस्थित थे विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अग्रवाल जी ने बताया कि हमारे विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाएं और स्काउट ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के द्वारा समाज में निरंतर जागरूकता फैलाने का कार्य करते हैं। यही कारण है कि हमारे विद्यालय में प्रत्येक दिवस को बड़े धूमधाम और उत्साह पूर्वक मनाया जाता है।

# सीबीएसई के स्कूलों में किताबों की मनमानी को लेकर के कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** मोदीनगर संपूर्ण समाधान दिवस में शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकताओं द्वारा सीबीएसई के स्कूलों में किताबों की मनमानी को लेकर प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौपा। पीसीएस सदस्य सुनील शर्मा ने बताया कि तहसील मोदीनगर क्षेत्र में संचालित अनेक सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों में नर्सरी से कक्षा 12 तक प्राइवेट पब्लिकेशन की महंगी किताबें जबरन थोपी जा रही है। कुछ स्कूल पूरी तरह प्राइवेट किताबें लगते हैं जबकि अन्य में कुछ एनसीईआरटी और बाकी प्राइवेट। उन्होंने कहा कि यह कमीशन खोरी का स्पष्ट मामला है। इसमें अभिभावकों पर भारी आर्थिक बोझ डालकर बेहतर शिक्षा की आड़ में उनका जबरन आर्थिक शोषण किया जा रहा है व इससे शिक्षा की एकरूपता भंग हो रही है, और छात्र परीक्षा में भ्रमित हो रहे हैं। प्रत्येक स्कूल द्वारा अपनी स्कूल वेबसाइट पर कक्षावार किताब लिस्ट एवं एनसीएफ संरेखण घोषणा-पत्र अपलोड अनिवार्य किया जाए। यदि प्रशासन द्वारा एनसीईआरटी की किताबों को अनिवार्य रूप से नहीं लगवाया जाता तो कांग्रेस पार्टी 6 अप्रैल 2026 से धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगी जिसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। इस अवसर पर पंडित सुनील शर्मा पीसीएस सदस्य उत्तर प्रदेश ,चांद वीर चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष मोदीनगर , रामकिशन शर्मा, रियासत सैफी, अभिषेक शर्मा, ओमपाल शर्मा, आत्म प्रकाश शर्मा, अरुण शर्मा, विनोद गुप्ता, राकेश सोनी, संजय शर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# कृष्ण कथा ज्ञान गंगा एवं विराट कवि सम्मेलन 27 से 29 मार्च तक

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ रोड स्थित एवीएस गार्डन में आगामी 27 28 29 मार्च को आयोजित होने जा रही कृष्ण कथा ज्ञान गंगा एवं विराट कवि सम्मेलन के संबंध में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। स्थानीय एक रेस्टोरेंट में आयोजित पत्रकार वार्ता एवं गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच एवं नगर पालिका परिषद मोदीनगर के अध्यक्ष विनोद वैशाली ने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि नगर में प्रथम बार कृष्ण कथा का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें केंद्रीय मंत्री भारत सरकार महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा श्री कृष्ण लीलाओं का सुंदर वर्णन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कथा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ उठाने के साथ-साथ महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति जी का श्रद्धालु गण आशीर्वाद प्राप्त करें। विधायक एवं पालिका अध्यक्ष ने पत्रकारों से अनुरोध किया कि कथा का अपने समाचार पत्रों एवं चैनल के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें साथ ही महिला संगठनों से भी अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण करने के लिए कथा स्थल पर पहुंचने का आवाहन किया। मंच का संचालन आयोजन कर्ता योगेश गौड़ पत्रकार तथा अध्यक्षता सुरेंद्र गुप्ता पत्रकार ने की। इस अवसर पर मौजूद सभी पत्रकारों एवं गणमान्य लोगों को नगेंद्र कश्यप एवं संजीव चिकारा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से महिला पंजाबी संगठन की नगर अध्यक्ष शालिनी नय्यर, भाजपा नेत्री रुचि गुप्ता जागृति गुप्ता पिंकी चौधरी कुसुम निगम आदि मौजूद रही।

# कोल्ड ड्रिंक पीने रुके युवकों पर जानलेवा हमला, धारदार हथियार से वार कर बदमाश फरार

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** वेव सिटी थाना क्षेत्र के डासना के समीप इंडो जर्मन अस्पताल के पास कोल्ड ड्रिंक पीने के लिए रुके युवकों पर अज्ञात बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, पुरानी पैंठ डासना निवासी शेर मोहम्मद ने बताया कि उनका 19 वर्षीय बेटा मोनिश अपने रिश्तेदार फैसल, अल्ताफ और आकिल के साथ शनिवार शाम करीब 7 बजे डासना से गाजियाबाद सामान लेने जा रहा था। रास्ते में इंडो जर्मन अस्पताल के पास सभी युवक कोल्ड ड्रिंक पीने के लिए रुके थे।

इसी दौरान वहां 8 से 9 अज्ञात युवक पहुंच गए और बिना किसी कारण गाली-गलौच करते हुए अचानक मारपीट शुरू कर दी। हमले की अचानक हुई इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थिति बिगड़ते देख मोनिश और उसके साथी अल्ताफ व आकिल किसी तरह जान बचाकर वहां से भाग निकले, लेकिन हमलावरों ने फैसल को पकड़ लिया।

आरोप है कि बदमाशों ने फैसल को जान से मारने की नीयत से उसकी गर्दन और कनपटी पर धारदार हथियार से वार किए। हमले में फैसल गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान ।

# भाजपा जिला कमेटी की परिचय बैठक संपन्न

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** भाजपा जिला अध्यक्ष चैनपाल सिंह के नेतृत्व में भाजपा जिला गाजियाबाद की जिला कमेटी की परिचय बैठक संम्पन हुई । बैठक में जिला अध्यक्ष चैनपाल सिंह ने नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों एव मनोनीत सभासदों को पटका पहनाकर सम्मानित किया।इस अवसर पर लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर मोदीनगर चेयरमैन विनोद वैशाली की गरिमामयी उपस्थिति रही ।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चैनपाल सिंह ने सभी जिला पदाधिकारियों एवं सभासदों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी को भाजपा संघठन द्वारा जो जिम्मेदारी मिली है आप सभी उस दायित्व का पालन करेंगे और भाजपा को मजबूत करने का काम करेंगे और साथ ही भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाने का कार्य करेंगे।आप सभी से हम उम्मीद करते है की आप सभी अपनी ज़िम्मेदारी निभाएँगे और इस पर खरा उतरेंगे । साथ ही उन्होंने कहा कि हमने पार्टी के आदेश अनुसार पधादिकारियों के चयन में सभी जातीयों एव महिलाओं का ध्यान रखते हुए जाट , गुर्जर , वैश्य , जोगी , गोस्वामी , जाटव , ठाकुर , यादव , त्यागी , सैन , सैनी , ब्राह्मण आदि जातीयों का प्रतिनिधित्व समावेश किया है और जो भी जाति या कार्यकर्ता अभी रह गए हैं उनका भी समावेश होगा। अभी पार्टी सगठन में मोर्चो एव प्रकोष्ठों की भी जल्द ही घोषणा होगी। जिसमे सभी जातियों एव समाज का प्रतिनिधित्व किया जाएगा ।इस अवसर पर लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कहा कि भाजपा पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी वर्गों का समर्थन करती है और अपने सभी कार्यकताओं का सम्मान करती है। इस अवसर पर मोदीनगर चेयरमैन विनोद वैशाली ने भी अपने विचार रखे और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए बधाई एव शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारी मनोनीत सभासद एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# नव निर्माण के नौ साल' का जश्न: विकास भवन में योजनाओं की झलक, किसानों और आमजन से सीधा संवाद

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के 'नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सोमवार को विकास भवन प्रांगण में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शासनादेश के क्रम में आयोजित इस कार्यक्रम में विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकारी उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी, विचार गोष्ठी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर को उत्साह से भर दिया। कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया गया, जिसमें सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक और फिर दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक विभिन्न गतिविधियां संचालित हुईं। प्रथम चरण में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक संजीव शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया और योजनाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ के निर्देशन और मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल के नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। कृषि, पशुपालन, उद्यान और मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने मिलकर इस आयोजन को प्रभावी रूप दिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रदर्शनी और मंच के माध्यम से अधिकारियों ने किसानों और आमजन को योजनाओं के लाभ और आवेदन प्रक्रिया से अवगत कराया। साथ ही लोगों की




समस्याओं को सुनकर मौके पर ही उनका समाधान भी किया गया, जिससे आमजन में संतोष का भाव दिखाई दिया। मुख्य अतिथि संजीव शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश और प्रदेश तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज किसानों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सहायता, सब्सिडी, बीमा और आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, कृषि यंत्र अनुदान, सोलर पंप योजना और जैविक खेती प्रोत्साहन जैसी योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंच रहा है। उन्होंने पशुपालन और उद्यान विभाग की योजनाओं का भी उल्लेख करते हुए कहा कि डेयरी, गोपालन, बकरी पालन और बागवानी को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। वहीं मत्स्य पालन के क्षेत्र में भी किसानों को प्रशिक्षण, अनुदान और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर व्यक्ति को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाना है तथा 'सबका साथ, सबका विकास ही उनकी प्राथमिकता है। विधायक ने जनपद में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत हजारों किसानों को करोड़ों रुपये की सहायता दी गई है। इसके अलावा सोलर पंप स्थापना, ऋण मोचन, प्रशिक्षण कार्यक्रम और कृषि तकनीकों के प्रसार के माध्यम से किसानों को लाभान्वित किया गया है। बड़ी संख्या में किसानों को बीज, कीटनाशक और कृषि यंत्रों पर अनुदान भी प्रदान किया गया है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पशुपालन विभाग से जुड़े कई अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मान मिला, जिससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिली। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक, गीत-संगीत और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया, जिससे कार्यक्रम में मौजूद लोगों का उत्साह और बढ़ गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.पी. पांडेय, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी और अन्य विभागीय अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह आयोजन न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी देने का माध्यम बना, बल्कि आमजन और प्रशासन के बीच संवाद को भी मजबूत करने में सफल रहा।

# भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित, बनी सशक्त व स्वाभिमानी: जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी

## महिलाओं के विकास में भाजपा सरकार निरन्तर प्रयासरत

अरुण मिश्रा







**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश सरकार के "नव निर्माण के नौ वर्ष" पूर्ण होने के उपलक्ष एवं शासनादेश के क्रम में जनपद गाजियाबाद के विकास भवन प्रांगण में विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों व उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी, विचार गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस अवसर पर 'महिला कल्याण एवं आत्मनिर्भरता विषयक एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनआरएलएम, जिला कार्यक्रम, जिला प्रोबेशन, पुलिस विभाग सहित स्वयंसेवी संस्थाओं एवं शैक्षिक संगठनों से जुड़ी महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रमों को दो चरणों 11:00 से 01:00 व 03:00 से 05:00 में आयोजित किया जा रहा है। द्वितीय चरण के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ममता त्यागी उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि द्वारा सभी विभागों द्वारा लगाये गए स्टाल का अवलोकन किया गया।

जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मॉदड़ के निर्देशन व मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल की कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुए द्वितीय चरण के कार्यक्रम का संचालन एनआरएलएम, जिला कार्यक्रम, जिला प्रोबेशन, पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शनी व मंच के माध्यम से सम्बंधित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग में चल रही योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया और सम्बंधित की समस्या को सुनते हुए उनकी शिकायत का मौके पर निस्तारण भी कराया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ममता त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने एवं उन्हें रोजगार स्वरोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षति, सशक्त व स्वाभिमानी बन रही है। महिलाओं के विकास में भाजपा सरकार निरन्तर प्रयासरत है।

समृद्धि भटनागर संकल्प संस्था ने कहा कि महिलाएं आज किसी भी समय स्वतंत्र रूप से आवागमन कर रही हैं। डॉ. किरण गर्ग (रेड कर समिति) ने कहा कि भारत के इतिहास में महिलाओं का योगदान सदैव महत्वपूर्ण रहा है और वर्तमान में संचालित योजनाओं के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। एहसास सेवा समिति की अमरप्रीत कौर ने कहा कि महिलाओं पर दोहरी जिम्मेदारी होती है, लेकिन स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उन्हें रोजगार से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने 'मिशन शक्ति' के अंतर्गत संचालित पिंक बूथों के माध्यम से घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं के पुनर्वास की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (ठफ्छट) से रिचा, नीतू कुंडू एवं कोमल देवी ने बताया कि मिशन का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों के गठन के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं में आर्थिक गतिविधियों की समझ विकसित करना है। जनपद गाजियाबाद के सभी विकास खंडों में समूहों को सामुदायिक निधि उपलब्ध कराई जा रही है। महिला कल्याण विभाग से श्रीमती नेहा वालिया ने निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, हेल्पलाइन नंबर्स, के बारे में पूर्ण जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग से बाल विकास परियोजना अधिकारी शिवानी गुप्ता ने बताया कि आंगनबाड़ी योजना के 50 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। वर्तमान में जनपद में 6 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, टीकाकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य जांच एवं मातृत्व योजनाओं का सफल संचालन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से श्रीमती अनीता (एडवोकेट) ने बताया कि पीड़ित महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है, तथा अब तक लगभग 100 महिलाओं को इसका लाभमिल चुका है। अंत में जिला विकास अधिकारी महोदया द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर न केवल अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं, बल्कि बच्चों को शिक्षा अर्जित करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने समाज में महिलाओं की भागीदारी को आवश्यक बताते हुए बेटियों को समान अधिकार देने पर जोर दिया। जनपद गाजियाबाद में वर्तमान में लगभग 10,000 'लखपति दीदी' सक्रिय हैं, जो महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के माध्यम से कलाकारों द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों से सम्बंधित नुक्कड़ नाटक, गायन, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम में सम्बंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारियों सहित सैकड़ों की संख्या में आम जनता उपस्थित रही।

# जनसुनवाई में एक्शन मोड में पुलिस: एसीपी केशव कुमार चौधरी ने सुनी शिकायतें

## दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश





कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद में आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय नजर आ रहा है।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध केशव कुमार चौधरी ने अपने कार्यालय पर शिकायत लेकर पहुंचे लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न प्रकार की शिकायतें सामने आईं, जिन पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

केशव कुमार चौधरी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के समाधान में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक मामले की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने यह भी जोर दिया कि पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

इस पहल से आम जनता में विश्वास बढ़ा है और लोगों को अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान की उम्मीद जगी है। पुलिस प्रशासन की यह सक्रियता कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

# प्रताप विहार में हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण, क्षेत्र हुआ रोशन

वेलकम इंडिया संवाददाता





**गाजियाबाद।** शहर को अंधेरे से रोशनी की ओर ले जाने के उद्देश्य से चल रहे प्रयासों के तहत प्रताप विहार सेक्टर-11 में एक और हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण किया गया। जी ब्लॉक स्थित पार्क नंबर-4 में यह एलईडी हाई मास्ट लाइट स्थानीय रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की मांग पर विधायक निधि से स्थापित कराई गई। रविवार शाम आयोजित कार्यक्रम में शहर विधायक संजीव शर्मा ने बटन दबाकर लाइट का शुभारंभ किया। इस दौरान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे और पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम में प्रताप विहार सेक्टर-11 रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के संयोजक राकेश चौहान व उपाध्यक्ष हरजीत सिंह ने विधायक का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। वहीं संरक्षक सुंदर भाटी, कोषाध्यक्ष एल.बी. सिंह, सलेक चंद शर्मा, महासचिव सुधांश शर्मा, सचिव एडवोकेट अनिकेत सिसोदिया, सदस्य सरल चौधरी व जितेश तिवारी सहित अन्य ब्लाक के सक्रिय सदस्यों व पदाधिकारियों ने पुष्पमाला व पटका पहनाकर सम्मानित किया। संस्था के अध्यक्ष पत्रकार तेजेश चौहान तेजस ने विधायक समेत सभी अतिथियों को बेम्बू प्लांट भेंट किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हेमराज माहौर, मछेंद्र पुरी जी महाराज एवं वार्ड-55 के पार्षद संतोष सिंह राणा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक संजीव शर्मा ने पार्क को देखकर पार्क में हरियाली और रखरखाव की जमकर तारीफ की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उनके द्वारा क्षेत्र में तमाम विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी जनहित से जुड़े कार्यों को तेजी से पूरा कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने प्रताप विहार सेक्टर 11 रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की सराहना करते हुए कहा कि संस्था अपने उद्देश्यों को बेहतर ढंग से पूरा करेगी।

कार्यक्रम में ए, बी, सी, डी, ई, एफ, जी व एच ब्लॉक के पदाधिकारियों व सैकड़ों स्थानीय निवासियों की मौजूदगी रही। हाई मास्ट लाइट लगने से अब क्षेत्र में रोशनी की बेहतर व्यवस्था होने से सुरक्षा और सुविधाओं में भी इजाफा होगा।

# शहीद दिवस पर रोज बेल पब्लिक स्कूल में गूंजा देशभक्ति का स्वर, वीर बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि





कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** शहीद दिवस के पावन अवसर पर विजयनगर स्थित रोज बेल पब्लिक स्कूल में अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती धरमजीत कौर, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के भीतर देशभक्ति की भावना जागृत करने हेतु शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के जीवन पर आधारित एक प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई, जिसे देखकर छात्र-छात्राएं भावुक और प्रेरित नजर आए।

प्रधानाचार्या श्रीमती धरमजीत कौर ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने क्रांतिकारी नायकों के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों को देशहित में कार्य करने और सच्चे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया और हर किसी के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

# महिला सशक्तिकरण की मिसाल: आरक्षी अस्मिता डे बनीं उपनिरीक्षक, अधिकारियों ने लगाई नई रैंक



कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है। पुलिस लाइन्स कमिश्नरेट गाजियाबाद में नियुक्त महिला आरक्षी अस्मिता डे (कुशल खिलाड़ी) को उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था एवं यातायात राजकरन नैय्यर तथा सहायक पुलिस आयुक्त धर्मेंद्र कुमार ने उन्हें रैंक प्रतीक लगाकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

अधिकारियों ने कहा कि अस्मिता डे की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम है, बल्कि यह अन्य महिला पुलिसकर्मियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने अपने कर्तव्यों के साथ-साथ खेल क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी अलग पहचान बनाई है। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा इस तरह की उपलब्धियों को प्रोत्साहित किया जाना विभाग में सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करता है। यह पदोन्नति पुलिस बल में कार्यरत अन्य कर्मियों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरित करेगी।

# गाजियाबाद में प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी: 24-25 मार्च को जुटेंगे देशभर के किसान और विशेषज्ञ

कपिल चौहान



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र (एनसीओएनएफ) कैंपस, गाजियाबाद में 24-25 मार्च, 2026 को ह्य02-दिवसीय प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी सह प्रदर्शनीह्व का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए केंद्र के निदेशक डॉ. गगनेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि भारत ने रसायन मुक्त कृषि पद्धतियों में उल्लेखनीय प्रगति की है और विभिन्न कृषि-जलवायु क्षेत्रों के कारण देश जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लिए विशेष रूप से अनुकूल है। इसी महत्व को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा स्थायी कृषि को बढ़ावा देने के लिए लगातार पहल की जा रही है।

इस दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य सभी हितधारकों को एक मंच पर लाकर टिकाऊ कृषि पद्धतियों पर विचार-विमर्श करना है। इसके माध्यम से नीतिगत हस्तक्षेपों के लिए उपयोगी सुझाव तैयार किए जाएंगे, साथ ही किसानों को नवीनतम तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में मिट्टी के स्वास्थ्य, टिकाऊ उत्पादन, पीजीएस प्रमाणन, मूल्य संवर्धन और विपणन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष चर्चा होगी।

संगोष्ठी में 200 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है, जिनमें किसान, वैज्ञानिक, विशेषज्ञ और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। किसान-वैज्ञानिक संवाद सत्र और तकनीकी सत्रों के माध्यम से देशभर की सफल खेती के मॉडल साझा किए जाएंगे। आईसीएआर, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों और कृषि विज्ञान केंद्रों के विशेषज्ञ भी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

कार्यक्रम के अंतर्गत एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें पीजीएस-इंडिया प्रमाणित ऑर्गेनिक ब्रांड्स और एमओवीसीडीएनईआर के तहत प्रमाणित उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य जैविक इनपुट उत्पादों को भी प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

संगोष्ठी के दौरान देश के उत्कृष्ट जैविक किसानों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस आयोजन से न केवल किसानों को प्रेरणा मिलेगी, बल्कि जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा।

# फिर लिफ्ट बनी खतरा: राजनगर एक्सटेंशन की सोसायटी में तीन लोग फंसे, हड़कंप

कपिल चौहान





**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन स्थित संचार आर्किड सोसायटी में एक बार फिर लिफ्ट खराब होने का मामला सामने आया है। इस घटना ने सोसायटी के निवासियों में डर और नाराजगी दोनों बढ़ा दी है। जानकारी के अनुसार, अचानक लिफ्ट खराब हो गई, जिससे अंदर मौजूद एक महिला समेत तीन लोग काफी देर तक फंसे रहे।

लिफ्ट में फंसे लोगों ने मदद के लिए आवाज लगाई, जिसके बाद सोसायटी के अन्य निवासियों और मेंटेनेंस स्टाफ को इसकी जानकारी मिली। काफी मशक्कत के बाद टीम ने लिफ्ट का दरवाजा खोलकर तीनों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। हालांकि, इस दौरान फंसे लोगों को घबराहट और दहशत का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब इस सोसायटी में लिफ्ट से जुड़ी गंभीर समस्या सामने आई हो। पिछले साल भी इसी सोसायटी में लिफ्ट गिरने की घटना हुई थी, जिसने सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े किए थे।

बार-बार हो रही ऐसी घटनाओं से साफ है कि सोसायटी में लिफ्ट मेंटेनेंस और सुरक्षा मानकों को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। निवासियों ने प्रशासन और सोसायटी प्रबंधन से जल्द से जल्द स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# ऑपरेशन प्रहार में बड़ी कार्रवाई: क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने सट्टा खिलाने वाले 2 अभियुक्त दबोचे

कपिल चौहान



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए जुआ/सट्टा खिलाने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 22.03.2026 को कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को सेवियर सोसायटी के पास खाली मैदान से धर दबोचा।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान आकाश (उम्र 29 वर्ष) और लोकेश (उम्र 32 वर्ष) के रूप में हुई है, जो सेवियर सोसायटी, टॉवर ए1 फ्लैट नंबर 1503, थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र के निवासी हैं। दोनों मूल रूप से शांति नगर क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से सट्टा खिलाने से संबंधित 23 सट्टा पर्चियां, 2 कार्बन के टुकड़े, 2 छोटी डायरी, 2 पेन और 1510 रुपये नकद बरामद किए हैं। इस संबंध में थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पर धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वे अपना खर्च चलाने और शराब पीने के लिए सट्टा खिलाने का कार्य करते थे। पुलिस के अनुसार, दोनों अभियुक्तों के खिलाफ इस मामले में अभियोग पंजीकृत किया गया है और उनके अन्य आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई को थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम द्वारा सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# संशोधित डीपीआर पर प्राधिकरण में प्रस्तुतीकरण, गुणवत्ता व पारदर्शिता पर जोर

## इंटीग्रेटेड टाउनशिप नीति के तहत परियोजनाओं को शीघ्र गति देने के निर्देश

अरुण मिश्रा



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में राज्य सरकार की इंटीग्रेटेड टाउनशिप नीति 2005/2014 एवं अद्यतन प्राविधानों के अनुरूप विकासकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत संशोधित डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा की गई, जिसमें विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान विकासकर्ताओं ने अपनी-अपनी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, प्रस्तावित संशोधनों तथा नीति के अनुरूप किए जाने वाले विकास कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। प्रस्तुतीकरण में परियोजनाओं के तकनीकी पहलुओं के साथ-साथ आधारभूत सुविधाओं के विकास, आवासीय एवं व्यावसायिक ढांचे के विस्तार और क्षेत्रीय विकास की योजनाओं को भी शामिल किया गया।

उपाध्यक्ष ने सभी प्रस्तुतियों का गहन परीक्षण करते हुए अधिकारियों और विकासकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नीति एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और हर स्तर पर गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और सभी परियोजनाओं में तय मानकों का कड़ाई से पालन किया जाएगा। साथ ही पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी प्रक्रियाओं को स्पष्ट और व्यवस्थित रखने के निर्देश भी दिए गए, ताकि आम जनता का विश्वास बना रहे।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि संशोधित डीपीआर के आधार पर परियोजनाओं को शीघ्र गति प्रदान की जाएगी। इससे संबंधित क्षेत्रों में विकास कार्यों को तेजी मिलेगी और वहां रहने वाले लोगों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। प्राधिकरण का उद्देश्य है कि योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचे और शहर का समग्र विकास सुनिश्चित हो।

अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे सभी परियोजनाओं की नियमित निगरानी करें और समय-समय पर उनकी प्रगति की समीक्षा करते रहें। किसी भी प्रकार की बाधा आने पर उसका त्वरित समाधान किया जाए, ताकि परियोजनाओं के कार्य में देरी न हो।

प्राधिकरण द्वारा यह भी आश्वस्त किया गया कि सभी विकास कार्य नियमानुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर संपादित किए जाएंगे।